NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 96 लखनऊ, गुरुवार 21 नवंबर 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## पांच सौ साल पहले एकजुट हुए होते, तो नहीं देखना पड़ता गुलामी का मुंह–योगी आदित्यनाथ

संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों से ज्यादा समय से रुका हुआ राम मंदिर निर्माण का काम सनातनियों की एकता के कारण महज दो वर्षों में पूरा हो गया और अगर देश500 साल पहले एकजुट होता तो उसे गुलामी का सामना नहीं करना पड़ता। आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में सुग्रीव किले के भव्य श्री राजगोपुरम द्वार का अनावरण किया। इस अवसर पर देशभर से आए साधु–संतों को संबोधित करते हुए उन्होंने अयोध्या में भव्य श्रीराममंदिर के निर्माण और सनातन धर्म की एकता पर बल दिया।उन्होंने कहा, जो काम 500 सालों से रुका हुआ था, जिसके लिए न जाने कितनी पीढ़ियों ने बलिदान दिया, वो केवल सनातनियों के एकजुट होने मात्र पर प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी जी के नेतृत्व में दो वर्ष में ही पूरा हो गया। अगर 500 साल पहले हमने एकता दिखाई होती, तो गुलामी का सामना नहीं करना पड़ता। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण को पीढ़ियों के संघर्ष का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि 500 साल का लंबा इंतजार समाप्त हुआ है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान करने का सपना पूरा हुआ है। आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्मावलंबियों की एकता ही इस सफलता का आधार है।



## अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर किया हमला, कहा संविधान को खतरा है

लखनऊ,(आरएनएस ) लखनऊ के बीकेटी स्थित सैरपुर बाजार में आयोजित संविधान मेला एवं युवा महोत्सव कार्यक्रम में श्री यादव ने कहा कि भाजपा की नीतियां युवा, किसान और पीडीए विरोधी हैं। श्री यादव ने बताया कि सरकार ने नौकरियों को आउटसोर्स कर दिया है ताकि आरक्षण से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा पीडीए से उनका हक छीनने के प्रयास में है और उन्हें बराबरी पर आने नहीं देना चाहती। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार संविधान विरोधी कार्य कर रही है और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान पर संकट आ सकता है। श्री यादव ने यह भी कहा कि जब तक भाजपा की सरकार है, संविधान को खतरा बना रहेगा, क्योंकि भाजपा ष्मनविधानष से देश को चलाना चाहती है। उन्होंने संविधान की रक्षा करने की अपील की और कहा कि जब तक दिल्ली और लखनऊ से भाजपा की सरकार का सफाया नहीं होगा, तब तक संविधान की रक्षा नहीं हो सकती। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि भाजपा गरीबी, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के बजाय उन्हें बांटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान सभी को सम्मान और अधिकार दिलाने का काम करता है और यह लोकतंत्र की नींव है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों और व्यापारियों से धोखा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के युवा विरोधी नीतियों के कारण युवाओं ने लोकसेवा आयोग के खिलाफ आंदोलन किया और सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया। श्री यादव ने कहा कि भाजपा समाज को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रही है।



## डीएपी और खाद की भारी कमी पर आम आदमी पार्टी का वार, संजय सिंह ने योगी सरकार को घेरा

लखनऊ,(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश में डीएपी (डायम्मोनियम फास्फेट) और अन्य कृषि खाद की भारी कमी ने किसानों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद और यूपी प्रभारी संजय सिंह ने इस मुद्दे पर प्रदेश सरकार को जमकर घेरते हुए कहा कि योगी सरकार किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। संजय सिंह ने लखनऊ में एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, 'ष्जो सरकार बांटने और काटने का उन्माद फैलाने में व्यस्त है, वह किसानों को समय पर खाद तक उपलब्ध नहीं करा पा रही। महाराष्ट्र और झारखंड के किसानों को भी चेतावनी देता हूं कि अगर भाजपा को चुनोगे तो एक–एक बोरी खाद के लिए तरसोगे।संजय सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार की नाकाम नीतियों और प्रशासनिक लापरवाही के कारण किसानों को खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर खाद नहीं मिलने से फसलों को भारी नुकसान हो रहा है, और किसान दोहरी मार झेल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बाजार में खाद की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे किसान अपनी जरूरतें पूरी करने में असमर्थ हो रहे हैं। संजय सिंह ने सरकार पर किसानों के हितों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा, 'ष्सरकार को किसानों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाने चाहिए।आम आदमी पार्टी ने राज्य सरकार से किसानों के लिए खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने और उनकी अन्य समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। पार्टी ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## महापौर द्वारा मनोरथ गौशाला में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण

लखनऊ(आरएनएस )। आज मा. महापौर सुषमा खर्कवाल ने मनोरथ गौशाला में चल रहे बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर गौशाला के सभी कार्य पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान महापौर ने बताया कि मनोरथ गौशाला को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। यह गौशाला लगभग 10 हजार हेक्टेयर में फैली होगी और इसमें 10 हजार गौवंशों के रहने की क्षमता होगी। यहां जानवरों की देखभाल और इलाज के लिए उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। महापौर ने कहा, ष्आज मैंने बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। यह परियोजना पशु कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पार्षद शैलेन्द्र वर्मा, पार्षद मुकेश मोंटी, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि हरीश अवस्थी, अधिशाषी अभियंता संजय पांडे, सहायक अभियंता अवधेश सिंह, इंजीनियरिंग विभाग की टीम, जेई और लेखपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में प्रो. यू.वी. किरण ने संभाला कार्यवाहक कुलसचिव का पदभार

लखनऊ(आरएनएस ) बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान विद्यापीठ की संकायाध्यक्ष प्रो. यू.वी. किरण को कार्यवाहक कुलसचिव का दायित्व सौंपा गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 19 नवंबर को यह जिम्मेदारी उन्हें दी। प्रो. यू.वी. किरण वर्तमान में विश्वविद्यालय के मानव विकास एवं परिवार अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष रह चुकी हैं। इसके साथ ही, उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न समितियों में अध्यक्ष एवं सक्रिय सदस्य के रूप में भी योगदान दिया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, गैर शिक्षण कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने प्रो. किरण को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## यूपी उपचुनाव में धनबल और बाहुबल का बोलबाला

लखनऊ(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव 2024 में धनबल और बाहुबल का जबरदस्त प्रभाव देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के विश्लेषण के अनुसार, 9 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे 90 उम्मीदवारों में से 32ः ने अपने ऊपर आपराधिक मामले और 27ः ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। भाजपा के रामवीर सिंह, जो कुंदरकी से उम्मीदवार हैं, पर सबसे अधिक 6 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनके अलावा सपा के मोहम्मद रिजवान और बसपा के दीपक तिवारी पर क्रमशः 3 और 5 मामले दर्ज हैं। उम्मीदवारों की संपत्ति का आंकलन बताता है कि 90 में से 43 उम्मीदवार करोड़पति हैं। औसतन प्रत्येक प्रत्याशी की संपत्ति ध्3.76 करोड़ आंकी गई है। सबसे अमीर उम्मीदवार मझवां से भाजपा की सुचिस्मिता मौर्य हैं, ।

## पुलिसकर्मियों पर समाजवादी पार्टी ने लगाया आरोप, एक्शन में चुनाव आयोग

संवाददाता। उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी ने कई जगहों पर पुलिसकर्मियों पर मतदाताओं को धमकाने का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग ने एसपी की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, सीसामऊ में दो इंस्पेक्टर अरुण सिंह और राकेश नादर को सस्पेंड कर दिया गया है। उन पर मतदाताओं के साथ दुर्व्यवहार करने और चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने का आरोप है।पांच पुलिसकर्मियों के निलंबन पर कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने कहा कि हमें जानकारी मिली थी कि कुछ पुलिसकर्मी चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। कानपुर के पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने कहा कि समाजवादी पार्टी के ट्वीट का संज्ञान लेने के बाद निलंबन किया गया। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मीरापुर में स्थित ककरौली पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) को निलंबित करने की मांग की, उन पर मतदाताओं को बल और रिवॉल्वर के बल पर धमकाने और उन्हें आबादी वाले राज्य में उपचुनावों में मतदान करने से रोकने का आरोप लगाया। कथित घटना का एक वीडियो साझा करते हुए, अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग (ईसी) से मतदान प्रक्रिया में बाधा डालने के लिए पुलिसकर्मी को तुरंत निलंबित करने का आग्रह किया।



## उत्तर प्रदेश उपचुनाव में पुलिस प्रशासन की भूमिका पर सवाल, संजय सिंह ने योगी सरकार और चुनाव आयोग को घेरा

लखनऊ(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में पुलिस प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हुए आम आदमी पार्टी के सांसद और यूपी प्रभारी संजय सिंह ने योगी सरकार और चुनाव आयोग को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि मीरापुर विधानसभा उपचुनाव में ककरौली थाना के ैभ्व् श्री राजीव शर्मा द्वारा वोटरों को रिवाल्वर दिखाकर धमकाने की घटना और प्रदेश की अन्य सीटों पर जो घटनाएं सामने आईं, वे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अवहेलना और संविधान के खिलाफ हैं।संजय सिंह ने कहा कि बीजेपी पिस्टल के दम पर चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है, जो कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी घटनाएं लोकतंत्र के लिए एक खतरनाक उदाहरण प्रस्तुत करती हैं, जहां सत्ता और पुलिस का दुरुपयोग चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है। चुनावी अधिकारियों और पुलिस प्रशासन का निष्पक्ष होना जरूरी था, लेकिन धमकियों से यह साफ जाहिर होता है कि प्रशासन का एक हिस्सा एक विशेष राजनीतिक दल के पक्ष में काम कर रहा है, जो लोकतंत्र के लिए भयावह स्थिति है।उन्होंने चुनाव आयोग की निंदा करते हुए कहा कि चुनाव आयोग, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है, इस मामले में पूरी तरह से मौन है। चुनाव आयोग की नाकारात्मक भूमिका और निष्क्रियता चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गहरा सवाल उठाती है। ऐसे कृत्य ना केवल लोकतंत्र की हत्या करते हैं, बल्कि जनता के विश्वास को भी तोड़ते हैं।आम आदमी पार्टी, जो हमेशा चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता की पक्षधर रही है, इस घटना की कड़ी निंदा करती है और चुनाव आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करती है। साथ ही, इस मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि लोकतंत्र की मूल भावना और जनता के अधिकारों की रक्षा की जा सके।

## उत्तर प्रदेश के उप निर्वाचन 2024 में शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ मतदान

लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश के 9 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन–2024 के लिए 20 नवम्बर, 2024 को मतदान शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मतदान प्रातः 7.00 बजे से शुरू होकर सायं 5.00 बजे तक चला और कुल 49.3 प्रतिशत मतदान हुआ।मीरापुर, कुन्दरकी, गाजियाबाद, खैर (अ०जा०), करहल, सीसामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझवां विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ। इन क्षेत्रों में मीरापुर में 57.1 प्रतिशत, कुन्दरकी में 57.7 प्रतिशत, गाजियाबाद में 33.3 प्रतिशत, खैर (अ०जा०) में 46.3 प्रतिशत, करहल में 54.1 प्रतिशत, सीसामऊ में 49.1 प्रतिशत, फूलपुर में 43.4 प्रतिशत, कटेहरी में 56.9 प्रतिशत और मझवां में 50.4 प्रतिशत मतदान हुआ।निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने के लिए 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किया गया। मतदान के दौरान, 9 सामान्य प्रेक्षक, 5 पुलिस प्रेक्षक, 9 व्यय प्रेक्षक, 350 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 56 जोनल मजिस्ट्रेट, 60 स्टैटिक मजिस्ट्रेट और 745 माइको ऑब्जर्वर तैनात किए गए थे।चुनाव में किसी भी तकनीकी समस्या या शिकायत के मामले में त्वरित कार्रवाई की गई और कुछ ईवीएम और वीवीपैट बदलने की आवश्यकता पड़ी। विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से प्राप्त शिकायतों के बाद 5 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया।

## लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव 2024 संगीत और संस्कृति का संगम

लखनऊ(आरएनएस ) लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव 2024 के छठे दिन महोत्सव की शुरुआत होते ही दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था, और यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। महोत्सव की विशेष खूबियों के कारण यह हर किसी को आकर्षित कर रहा है, और इसकी सफलता में अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और उपाध्यक्ष एन बी सिंह के नित्य नए प्रयोगों का अहम योगदान है।संस्कृत बेला पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. जया श्रीवास्तव के निर्देशन में कलाकारों ने सुरों का जादू बिखेरा। महोत्सव के इस दिन के मुख्य अतिथि, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर फैज खुमारी बाराबंकवी को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान देने वालों में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर डॉ. जया श्रीवास्तव और संरक्षिका सहर जावेद फारूकी सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी शामिल थे।कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. जया श्रीवास्तव द्वारा ष्घर में पधारो गजानन जीष भजन से हुई। इसके बाद, एक के बाद एक शानदार प्रस्तुतियाँ ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायिका वंदना श्रीवास्तव ने लता मंगेशकर के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी, जबकि अनीता सिंह ने ष्माई नहीं माईष और ष्मेरे हाथों में नौ–नौ चूड़ियांष गाकर माहौल को खास बना दिया। सीमा श्रीवास्तव ने ष्कहे तोसे सजनाष गाया, और नीता प्रजापति ने ष्बाबुल प्यारेष गाकर दर्शकों को भावुक कर दिया।संगीत के इस शानदार सिलसिले में अन्य कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। प्रकाश खन्ना ने ष्शादी के लिए रजामंद कर लीष और सलीम अब्बासी ने ष्मैं सेहरा बांध के आऊंगाष गाया। दिनेश श्रीवास्तव ने ष्बहारों फूल बरसाओष और रमन श्रीवास्तव ने ष्बाबुल का ये घरष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. जया श्रीवास्तव ने ष्विदाई गीतष गाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।इसके अलावा, नवोदित कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीता। अंकिता सूर्यवंशी, प्रियंका, मुस्कान कनौजिया और अक्षत श्रीवास्तव ने अपनी आवाज और कला का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से अक्षत श्रीवास्तव की स्टैंडअप कॉमेडी ने महोत्सव में एक अलग रंग भरा।कार्यक्रम के समापन पर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया और महोत्सव में आए सभी का धन्यवाद किया।

## उड़ीसा में बैडमिंटन प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की बालक टीम ने जीता रजत पदक

लखनऊ भुवनेश्वर, (आरएनएस ) उड़ीसा में आयोजित ''योनेक्स सनराइज 47वां इंटर–स्टेट, इंटर–जोनल और जूनियर नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता'' में उत्तर प्रदेश की बालक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। प्रतियोगिता का आयोजन 19 नवंबर से 25 नवंबर 2024 तक हुआ। उत्तर प्रदेश की टीम में प्रभास कुमार कुशवाहा, भुमेश उतरानी, आराध्य शर्मा, अतुल कुमार, प्रदीप कुमार, अर्चित सिन्हा, शिवम वर्मा, उज्जवल तोमर, आदित्य यादव और मो. अर्श जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल थे। टीम का नेतृत्व कोच मुकुल भारद्वाज, इंड्रा मुल्याज्या और मैनेजर मधु अवस्थी ने किया। इस उपलब्धि को टीम ने वर्षों बाद एक ऐतिहासिक सफलता के रूप में दर्ज किया। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के चेयरमैन ''विराज सागर दास'', अध्यक्ष ''डॉ. नवनीत सहगल'' और सचिव ''डॉ. सुधर्मा सिंह'' ने खिलाड़ियों, कोच और प्रबंधन टीम को बधाई देते हुए इसे राज्य के लिए गर्व का क्षण बताया।

## गन्ना पेराई सत्र 2024–25 में 90 चीनी मिलों ने शुरू किया कार्य

लखनऊ (आरएनएस ) गन्ना एवं चीनी आयुक्त प्रभु एन. सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए, चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी और राज्य मंत्री संजय गंगवार के मार्गदर्शन में पेराई सत्र 2024–25 का कार्य शुरू हो चुका है। प्रदेश की 102 चीनी मिलों में से 90 मिलों ने गन्ना पेराई शुरू कर दी है, जिनमें निगम क्षेत्र की 01, सहकारी क्षेत्र की 10, और निजी क्षेत्र की 79 मिलें शामिल हैं। इनमें सहारनपुर परिक्षेत्र की 19 में से 18, मेरठ की सभी 16, बरेली की 11, मुरादाबाद की 22, लखनऊ की 13, अयोध्या की 04, देवीपाटन की 04 और देवरिया की 02 चीनी मिलों ने पेराई कार्य प्रारंभ कर दिया है। आयुक्त ने बताया कि अन्य 12 चीनी मिलों ने गन्ना खरीद के लिए इंडेंट जारी कर दिया है और अगले 2–3 दिनों में उनका संचालन भी शुरू हो जाएगा। शेष 19 चीनी मिलें भी जल्द ही कार्यरत हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि 39 चीनी मिलों ने वर्तमान पेराई सत्र के गन्ना मूल्य का भुगतान भी शुरू कर दिया है। सभी मिलों को नियमानुसार त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। समय पर चीनी मिलों के संचालन से किसानों को गेहूं बुवाई के लिए खेत खाली करने में मदद मिलेगी।

## लखनऊ में आयोजित होगा राज्य स्तरीय कान्क्लेब, उद्देश्य बालकों का पुनर्वास

लखनऊ (आरएनएस ) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता माह के तहत ''पालक देखभाल और पालक दत्तक ग्रहण के माध्यम से बड़े बच्चों का पुनर्वास विषयक राज्य स्तरीय कान्क्लेब 21 नवम्बर 2024 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ स्थित मार्स ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार सावित्री ठाकुर, प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य, और राज्यमंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला मौजूद रहेंगी। इस कार्यक्रम में लगभग 500 लोग भाग लेंगे। संदीप कौर, निदेशक महिला कल्याण ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि जैविक रूप से किसी बच्चे को उसके परिवार से अलग होने पर, 18 वर्ष तक उसे पारिवारिक वातावरण में देखरेख और संरक्षण प्रदान किया जाए, और उसे वैकल्पिक परिवार में पुनर्वासित किया जा सके।

## झांसी में सड़क निर्माण के लिए 82.57 लाख रूपये की मंजूरी

लखनऊ (आरएनएस ) प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 के तहत झांसी जनपद में सड़क निर्माण से संबंधित पांच कार्यों के लिए कुल 82.57 लाख रूपये मंजूर किए हैं। यह धनराशि जिलाधिकारी, झांसी के निवर्तन पर रखी गई है, और शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी को भेज दी गई है। जारी शासनादेश के अनुसार, विधान सभा क्षेत्र गरौठा में सीसी संपर्क मार्ग निर्माण हेतु 19.85 लाख रूपये, एआरएच गुरसरांय से नहर की पटरी रामनगर गुरसराय रोड तक सीसी संपर्क मार्ग हेतु 20.67 लाख रूपये, ब्लॉक मोठ के ग्राम पहाडपुरा में कुटी माता मंदिर से हनुमान जी के मंदिर तक सीसी संपर्क मार्ग निर्माण हेतु 14.39 लाख रूपये, विधान सभा क्षेत्र गरौठा रोड से विजय प्रजापति के मकान तक सीसी संपर्क मार्ग निर्माण हेतु 13.14 लाख रूपये तथा ब्लॉक गुरसराय के ग्राम गुढा में तपोभूमि विश्वामित्र मेला ग्राउंड से नदी की ओर सीसी संपर्क मार्ग निर्माण हेतु 14.52 लाख रूपये मंजूर किए गए हैं।

# 71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह 2024 पर गोष्ठी का आयोजन, सहकारिता की भूमिका पर विचार

लखनऊ (आरएनएस ) उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ (यू.पी.आर.एन. एस.एस.) द्वारा71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह 2024के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'सतत विकास लक्ष्य के ध्येय को हासिल करने में सहकारी संगठनों की भूमिका और बेहतर दुनिया के लिए आगे का मार्ग। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि एम.पी. अग्रवाल प्रमुख सचिव, सहकारिता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि सहकारिता हमारे जीवन के हर पहलू में मौजूद है और यह सतत विकास लक्ष्य को पूरा करने में सक्षम है। उन्होंने आगे कहा कि सहकारिता व्यक्ति की समृद्धि का आधार है और इसे लोगों की भलाई के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता, बी.एन. सिंह ने प्रदेश में सहकारिता विभाग के माध्यम से किसानों के उत्थान हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया और कहा कि सहकारी समितियों द्वारा किसानों को ऋण, उर्वरक, और अन्य सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो रही है।अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (शीतगृह) सहकारिता, धीरेन्द्र सिंहने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कियू.पी.आर. एन.एस.एस. प्रदेश की एक प्रमुख सहकारी संस्था है, जो निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखते हुए शासन की योजनाओं को समयबद्ध रूप से लागू कर रही है। उन्होंने संस्था के ई–टेंडर और ई–बिलध ई–एमबी सॉफ्टवेयर के माध यम से पारदर्शिता को सुनिश्चित करने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला।लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एम. के. अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने का समर्थन करते हुए कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचे में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है और सहकारिता इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।गोष्ठी में यू.पी.आर.एन.एस. एस. के उप सभापति आलोक सिंहने संस्था द्वारा प्रदेश भर में किए जा रहे निर्माण कार्यों की सराहना की और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। गोष्ठी में अपर आयुक्त (बैंकिंग) अनिल कुमार सिंह, विशेष सचिव सहकारिता एम.पी. पाण्डेय यू.पी.सी.एल.डी.एफ. के प्रबंध निदेशक राम प्रकाशयू. पी.एल.डी.बी. के प्रबंध निदेशक शशिरंजन कुमार राव और यू. पी.आर.एन.एस.एस. के मुख्य महाप्रबंधक अभय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश में पर्यटन महाभियान शुरू, लोग अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल की राय देंगे

लखनऊ (आरएनएस ) उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में आम लोगों से राय जानने के लिए महाअभियान शुरू किया है, जो 25 नवम्बर 2024 तक चलेगा। इस अभियान के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जाएंगे, ताकि लोग अपनी तस्वीरें और रील्स अपलोड कर सकें। इसके लिए एक क्यूआर कोड भी जारी किया गया है, जिसे स्कैन करके लोग पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह'' ने बताया कि यह अभियान 'देखो अपना देश पीपल्स चॉइस 2024' के तहत चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों के बारे में आम लोगों की राय जानना है। इस अभियान के जरिए इन स्थलों को वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने की योजना है।मंत्री ने आगे कहा कि अभियान की अंतिम तिथि पहले निर्धारित थी, लेकिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विशेष रुचि के कारण केंद्र सरकार ने तिथि बढ़ाकर 25 नवम्बर 2024 कर दी है। लोग इस तिथि तक पोर्टल पर जाकर अपने पसंदीदा पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी भर सकते हैं। इसके अलावा, वे जहां हाल ही में यात्रा कर चुके हैं या भविष्य में कहां जाने की योजना बना रहे हैं, इन विवरणों को भी पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं।मुख्य सचिव पर्यटन एवं संस्कृति, मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि इस महाभियान में प्रदेश के 1506 युवा पर्यटन क्लबों के 30,000 से अधिक सदस्य, छात्र–छात्राएं, पर्यटक और अन्य लोग भाग लेंगे।

## सांसद तनुज पुनिया बने कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन, लखनऊ में संभाला पदभार

लखनऊ, (आरएनएस ) उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के नवनियुक्त चेयरमैन तनुज पुनिया ने आज पार्टी मुख्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर आयोजित स्वागत समारोह में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। अजय राय ने तनुज पुनिया को बुके और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, षतनुज पुनिया को अपने पिता पीएल पुनिया से संघर्ष की प्रेरणा मिली है। उन्होंने दलित समाज के उत्थान के लिए बड़ी कंपनी की नौकरी छोड़ राजनीति को चुना। कांग्रेस हमेशा से दलित समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है।ष तनुज पुनिया ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर को संविधान निर्माण का दायित्व देकर दलित समाज को गौरवान्वित किया। उन्होंने कहा, षहमारा लक्ष्य दलित बहुल क्षेत्रों में कांग्रेस का विस्तार करना और समाज को जागरूक करना है।षइस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा श्मोनाश, सांसद राकेश राठौर, महिला कांग्रेस की नेता ममता चौधरी, पूर्व मंत्री डॉ. मसूद अहमद समेत कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान अध्यक्ष आलोक प्रसाद ने किया। उन्होंने तनुज पुनिया की प्रशंसा करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में अनुसूचित जाति विभाग नई ऊंचाइयां हासिल करेगा।

## सीएम के द्वारा शिलान्यास किए गए आंगनबाड़ी भवन का नहीं शुरू हुआ निर्माण...!

कौशाम्बी। जिले की सरसंवा बाल विकास परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रायपुर में नौ माह पहले शासन से स्वीकृत हुए और मुख्यमंत्री के द्वारा डिजिटल शिलान्यास किए गए आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य प्रभारी डीपीओ ने अब तक शुरू नहीं कराया है। मामले में खंड विकास अधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारी सरसंवा ने अपनी जांच आख्या में साफ बताया है कि ग्राम कार्यदाई संस्था ग्राम पंचायत रायपुर का प्रधान मनमानी कर रहा है। इसके बावजूद प्रभारी डीपीओ के द्वारा शिथिलता बरती जा रही है। शासनादेश को ठेंगा दिखाकर की जा रही गंभीर धांधली में दो बार निलंबित हो चुके और बीते पन्द्रह साल से अधिक समय से कौशाम्बी जिले में तैनात भवन निर्माण पटल लिपिक की अहम भूमिका है।

जनपद स्तर से बीते साल में भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में भवन निर्माण हेतु निदेशालय बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रस्ताव प्रेषित किए गए थे। जिस पर कौशाम्बी जिले में वित्तीय वर्ष 2023– 24 में कुल 45 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण के लिए फरवरी माह में शासन से स्वीकृति और धनावंटन हो चुका है। सीएम के द्वारा भवनों के शिलान्यास का भव्य आयोजन सम्पन्न हो चुका है। सरसंवा परियोजना क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र रायपुर का भी भवन निर्माण प्राथमिक विद्यालय रायपुर की स्कूल प्रबंध समिति के प्रस्ताव पर स्वीकृत हुआ है। लेकिन कार्यदाई संस्था ग्राम पंचायत के प्रधान की धांधली और अनियमितता के कारण प्रस्तावित स्थल प्राथमिक विद्यालय रायपुर में अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। मामले में दो अधिकारियों खंड विकास अधिकारी सरसंवा और बाल विकास परियोजना अधिकारी सरसंवा ने उच्चाधिकारियों और प्रभारी डीपीओ को प्रेषित पत्रों में साफ लिखा है कि ग्राम प्रधान ने मनमानी करते हुए अब तक प्राथमिक विद्यालय रायपुर परिसर में निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है। इसके बावजूद मामले में लीपापोती की जा रही है और ग्राम प्रधान के विरुद्ध प्रभारी डीपीओ के स्तर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। चर्चा है कि डीपीओ कार्यालय में भवन निर्माण पटल प्रभारी लिपिक की प्रधान के साथ मिलीभगत होने की वजह से धांधली करते हुए शासनादेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

## हमारा मुख्य उद्देश्य महिलाओं ,बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर उन्हें सशक्त बनाना- उपनिरीक्षक

भरवारी, (कौशाम्बी)। (आरएनएस ) कोखराज कोतवाली क्षेत्र के चमरू स्थित शीश मेमोरियल इंटर कॉलेज में बुधवार को एक विशेष मिशन शक्ति के पांचवे चरण अभियान के तहत एक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कोखराज थाना उपनिरीक्षक विन्ध्यवासिनी, महिला मुख्य आरक्षी श्रेया यादव, मनीषा पाल ने किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को नए कानूनों और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करना था। इसमें महिलाओं को गुड टच और बैड टच की पहचान, पॉस्को एक्ट, साइबर अपराध, और महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे सभी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा और नारी स्वावलंबन अभियानों के तहत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों को 112 पुलिस आपातकालीन सेवा , 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन , 102 स्वास्थ्य सेवा , 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क के साथ ही, थाना के सीयूजी नंबर के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने पर जोर दिया गया। उपनिरीक्षक विन्ध्यवासिनी ने बताया, षहमारा मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सशक्त बनाना है।ष कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इसे एक महत्वपूर्ण और उपयोगी कदम बताया और इसके लिए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। मिशन शक्ति के तहत इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भविष्य में भी जारी रहेगा, जिससे समाज में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और सम्मान को बढ़ाया जा सके स इस दौरान प्रधानाचार्य सहित शिक्षक शिक्षिकाएं सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।

## जिलाधिकारी ने विकसित कौशाम्बी अभियान के तह्त गठित टीम के सभी

कौशाम्बी (आरएनएस )। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में विकसित कौशाम्बी अभियान के सम्बन्ध में गठित टीम के साथ बैठक आयोजित कर की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। पिछली बैठक में विकसित कौशाम्बी अभियान के तहत 12–12 ग्रुप की 07 टीमों का गठन किया गया था, जिसमें–दोआबा ग्रुप, जागृति ग्रुप, कौशाम्बी विकास ग्रुप, प्रेरणा ग्रुप, इन्द्रधनुष ग्रुप, कौशाम्बी शाइन ग्रुप एवं एकता ग्रुप हैं। जिलाधिकारी ने ग्रुप मेम्बरों के साथ बैठक कर उनके द्वारा बनाये गये प्रजेन्टेशन को देखा। प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया गया कि किस–किस तरह से सभी टीमें अपने–अपने विभाग की योजनाओं को लोगोंध्ग्रामवासियोंधिकसानों तक पहुॅचायेंगे तथा जो भी पात्र किसान या ग्रामवासी अभी तक योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं पाये हैं, उन्हें योजनाओं से कैसे लाभान्वित किया जायेंगा। जिलाधिकारी ने ग्रुप के सभी नोडल अधिकारियों को 03 दिवस में 03 गॉव का निरीक्षण करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि ग्राम में जाकर ग्रामवासियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त करते हुए निस्तारण किया जाय।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उपचुनाव में भाजपा की साजिशों का किया खुलासा, कहा- लोकतंत्र का उपहास उड़ाया गया

लखनऊ (आरएनएस ) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आज मतदाताओं ने विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टीऔर इंडिया गठबंधन के पक्ष में भारी मतदान किया। उन्होंने भाजपा पर शासन–प्रशासन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और इसे लोकतंत्र का उपहास करार दिया। यादव ने कहा कि भाजपा ने चुनाव को प्रभावित करने के लिए कई साजिशें और षड्यंत्र रचे, लेकिन अंततः मतदाताओं ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने का मन बना लिया था। अखिलेश यादव ने बताया कि भाजपा सरकार की नीतियों से नाराज मतदाता मतदान में उदासीन दिखाई दिए, जबकि समाजवादी पार्टी और गठबंधन के समर्थकों में जोश था। उन्होंने भाजपा सरकार की महंगाई, भ्रष्टाचार, और अन्याय को मुख्य कारण बताया, जिनसे किसान, नौजवान, छात्र और व्यापारी सभी परेशान हैं। उनका कहना था कि भाजपा की हार तय है क्योंकि जनता उनके दमनकारी कार्यों से त्रस्त हो चुकी है। श्री यादव ने आरोप लगाया कि कई मतदान केंद्रों पर ''भा.ज.पा.'' कार्यकर्ताओं द्वारा उपद्रव किया गया और मतदान प्रक्रिया में बाधा डाली गई। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर धीमी गति से मतदान कराया गया, ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायतें आईं, और ''करहल'' में फर्जी मतदान की खबरें मिलीं। इसके अलावा, मुस्लिम मतदाताओं को रोकने की कोशिशें की गईं और भाजपा के दबंगों ने भय का माहौल पैदा किया। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि कुछ अधिकारी भाजपा के पक्षधर बने दिखाई दिए, जैसे ''मीरापुर'' के ''ककरौली थानाध्यक्ष'' जिन्होंने महिलाओं को वोट न डालने के लिए धमकाया। उन्होंने कहा कि ''करहल'' में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ''तेज प्रताप यादव'' ने कई मतदान स्थलों का निरीक्षण किया और पार्टी के प्रत्याशी हर जगह बढ़त में हैं। अखिलेश यादव ने अंत में कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान को कुचलने की कोशिश कर रही है, जबकि सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ चलना चाहिए। उनका कहना था कि निर्वाचन आयोग भी निष्पक्षता और पारदर्शिता में कमी दिखा रहा है, लेकिन जनता जागरूक है और स्वयं अपने अधिकारों की रक्षा कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस चुनाव में जीत जनता की ही होगी।

# मुख्यमंत्री ने कुकरैल नाइट सफारी पार्क एवं जू के निर्माण कार्य का अवलोकन किया, जून 2026 तक पूरा करने का निर्देश

लखनऊ,(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आज अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रस्तावित कुकरैल नाइट सफारी पार्क एवं जू के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निर्माण कार्य को हर हाल में जून, 2026 तक पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह नाइट सफारी प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपहार होगी, जो देश में पहली बार बनाई जाएगी।यह नाइट सफारी परियोजना दुनिया की पांचवीं नाइट सफारी होगी और लखनऊ में लगभग 900 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना को चरणबद्ध तरीके से विकसित करने की बात कही, जिसमें नाइट और डे सफारी दोनों का निर्माण किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कुकरैल नाइट सफारी के लिए वन्य जीवों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए और कहा कि 72 प्रतिशत क्षेत्र में ग्रीनरी का विकास किया जाए। इसके अलावा, सौर ऊर्जा के प्रकल्पों को भी यहां स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना में ईको टूरिज्म जोन, क्वारंटीन सेंटर, वेटनरी हॉस्पिटल, पोस्ट ऑपरेशन और ऑपरेशन थियेटर, कैफेटेरिया, 7डी थियेटर, ऑडिटोरियम और पार्किंग जैसी सुविधाओं का समावेश किया जाएगा।इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने एडवेंचर जोन में सुपरमैन जिपलाइन, आर्चरी, जिपलाइन, बर्मा ब्रिज, पैडल बोट, स्काई रोलर और बच्चों के लिए जंगल एनिमल थीम पर आधारित गतिविधियों का विकास करने के निर्देश दिए।कुकरैल नाइट सफारी में प्रमुख आकर्षणों में एशियाटिक लायन, घड़ियाल, बंगाल टाइगर, तेंदुआ, हायना जैसे वन्य जीव होंगे, जबकि जू में सारस क्रेन, हिमालयन भालू, साउथ अफ्रीकन जिराफ और अफ्रीकन लायन जैसे अन्य आकर्षण होंगे।परियोजना के तहत एक विश्व स्तरीय वन्य जीव चिकित्सालय और रेस्क्यू सेंटर भी स्थापित किया जाएगा, जिससे कुकरैल नाइट सफारी पार्क और जू एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगा।इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान तथा जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार सक्सेना सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति

लखनऊ,(आरएनएस ) लखनऊ के आशियाना स्थित स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान और नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित षहिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सवष का शुभारंभ समिति अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह और गुंजन वर्मा द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने कार्यक्रम को और भी रंगीन और उत्साहपूर्ण बना दिया।प्रथम संध्या के सांस्कृतिक रंगमंच पर कई भव्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। षमाई ज्योति चढ़ जालाष भजन ने दर्शकों का दिल छू लिया, और इसके बाद शबाब अली ने षअरे द्वारपालो कन्हैया से पूछोष गीत की प्रस्तुति से माहौल को भाव–विभोर कर दिया। इंद्रेश कुमार की प्रस्तुति षजर के सामने जिगर के पास...ष और षदिल है की मानता नहीं...ष ने भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, षसुहाना सफरष और षये मौसम हंसीष जैसे गानों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को मोह लिया।स्वरांजलि सांस्कृतिक संस्था मंच के निर्देशक इंजी दिनेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रदर्शित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन, नृत्य और भजन गायन का अद्भुत संगम देखने को मिला। गायन में इंजी दिनेश कुमार श्रीवास्तव, श्री फैसल नसीम, श्री प्रवीण श्रीवास्तव, श्री राकेश रावत, श्री बालकृष्ण शर्मा, श्रीमती अंजू रंजन, श्रीमती प्रतिभा रानी, और श्रीमती रचना खरे ने अपनी सुरों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।नृत्य के क्षेत्र में कुमारी उन्नति नैना श्रीवास्तव, लक्षिता पांडेय और अन्या त्रिवेदी ने भरतनाट्यम और कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने दिल से सराहा। इसके अलावा, श्री आयुष, कामरान और सुशिल ने वादन और भजन गायन की प्रस्तुतियां दीं, जो एक अद्भुत कला का प्रदर्शन था।इस कार्यक्रम में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव समिति के विनय दुबे, रनवीर सिंह, समीर शेख, हेमू चौरसिया और विवेक सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप शुक्ला आरजे और मनीष पंडित द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम गायन, नृत्य और वादन का एक अद्भुत सांस्कृतिक संगम था, जो दर्शकों के लिए अत्यंत आकर्षक और यादगार रहा।

# अंतरिक्ष आधारित शो अपोलीना का प्रीमियर 3 दिसंबर को

लखनऊ, (आरएनएस ) कलर्स टीवी ने अपने पहले अंतरिक्ष–आधारित शो ''श्अपोलीना – सपनों की ऊंची उड़ानश'' के साथ प्रेरणा की नई कहानी लिखी है। इस शो के सम्मान में एक तारे का नाम श्अपोलीनाश रखा गया, जो सपनों को साकार करने की असीम संभावनाओं का प्रतीक है। यह शो 3 दिसंबर से हर दिन शाम 6रू00 बजे प्रसारित होगा। यह शो एक छोटे शहर की लड़की अपोलीना की कहानी है, जो भारत की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बनने का सपना देखती है। अपने पिता पर लगे घोटाले के कलंक को मिटाने और श्कर के दिखाऊंगीश के संकल्प के साथ, अपोलीना हर चुनौती का सामना करती है। शो में अदिति शर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई है, जबकि संदीप बसवाना उनके पिता का किरदार निभा रहे हैं। शो के प्रमोशन के लिए लखनऊ के रीजनल साइंस सेंटर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसरो की पूर्व वैज्ञानिक डॉ. राजश्री बोथले, अदिति शर्मा और संदीप बसवाना ने स्थानीय स्कूली छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने छात्राओं को अंतरिक्ष विज्ञान में कॅरियर बनाने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को तारे का नामकरण श्अपोलीनाश होने की जानकारी दी गई और उन्हें स्टार रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान अदिति शर्मा ने कहा कि अपोलीना की कहानी हर लड़की के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। वहीं, संदीप बसवाना ने युवाओं को अपने सपनों के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। डॉ. राजश्री बोथले ने इसे युवा लड़कियों के लिए विज्ञान और अंतरिक्ष में करियर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अपोलीना – सपनों की ऊंची उड़ानश केवल एक शो नहीं, बल्कि हर सपने देखने वाले के लिए एक प्रेरक संदेश है कि सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास के साथ कोई भी सपना साकार किया जा सकता है।

## भारत-रत्न इन्दिरा गांधी की जयन्ती पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ,(आरएनएस ) भारत–रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी जी की जयन्ती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पुष्पांजलि अर्पित की गई और एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में इन्दिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि इन्दिरा गांधी एक बहुमुखी प्रतिभा और दृढ़ इच्छाशक्ति की धनी नेता थीं। उन्हें षआयरन लेडीष के रूप में विश्व पटल पर पहचान मिली। उन्होंने कहा कि इन्दिरा जी के देश के विकास में बहुमूल्य योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान

लखनऊ (आरएनएस ) पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से ''षएक पेड़ माँ के नामष'' अभियान के तहत आज दिनांक 20–11–2024 को बीएसएनएल दूरसंचार महिला कल्याण संगठन की महिलाओं द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लखनऊ के अलीगंज स्थित दूरसंचार कॉलोनी में संपन्न हुआ। इस अभियान के अंतर्गत संगठन की महिलाओं ने श्रमदान करते हुए पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर पौधों के महत्व पर चर्चा करते हुए पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया। यह पहल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरा–भरा वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा को उज्बेकिस्तान सरकार का सम्मान

लखनऊ (आरएनएस ) बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा को उज्बेकिस्तान सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें षइंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इकोलॉजी, एनवायरनमेंट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट 2024ष में पर्यावरणीय स्थिरता और सतत विकास के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए दिया गया। प्रो. अरोड़ा ने उज्बेकिस्तान की प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर तीन वर्षों तक पर्यावरण और भूमि पुनर्स्थापन के क्षेत्र में शोध कार्य किया। उन्होंने जैविक खेती के जरिए जैव उर्वरकों का उपयोग कर कम उपजाऊ भूमि को उर्वर बनाने और फसल उत्पादन बढ़ाने में सफलता प्राप्त की। उनके शोध ने प्रयोगशाला आधारित अनुसंधान को व्यावहारिक रूप से भूमि में लागू करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। भविष्य में प्रो. अरोड़ा और उनकी टीम जैव प्रौद्योगिकी आधारित जैव उर्वरकों का निर्माण करने और उज्बेकिस्तान में कृषि विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में कार्य करेंगे। इसके साथ ही इस शोध सहयोग से भारत और उज्बेकिस्तान के विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक संबंध भी और प्रगाढ़ होंगे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन.एम.पी. वर्मा ने प्रो. अरोड़ा को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए गर्व का विषय बताया। विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भी इस उपलब्धि पर अपनी शुभकामनाएं दीं।

## अखिलेश यादव ने भाजपा पर लगाया चुनाव में धांधली का आरोप

लखनऊ (आरएनएस ) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर उपचुनाव में धांधली कराने और प्रशासन पर दबाव डालने का गंभीर आरोप लगाया है। लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा चुनावी हार के डर से मतदाताओं को वोट डालने से रोक रही है और पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने कुंदरकी, सीसामऊ, कटेहरी, करहल, मझवां और फूलपुर सहित कई क्षेत्रों में मतदान के दौरान पुलिस प्रशासन की ज्यादती की शिकायतें की हैं, लेकिन चुनाव आयोग इस पर ध्यान नहीं दे रहा। अखिलेश यादव ने मतदाताओं से अपील की कि वे बार–बार मतदान केंद्र जाएं और अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल करें। अखिलेश यादव ने भाजपा पर जनता और अपने ही कार्यकर्ताओं से हारे होने का दावा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का षसिंहासनष हिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपने वोटरों की कमी को विपक्षी वोटरों को रोककर पूरा करना चाहती है। उन्होंने चेतावनी दी कि मतदान में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। दोषियों को कोर्ट में घसीटा जाएगा, और उनकी नौकरी, पेंशन, और इज्जत पर आंच आएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम समाजवादी पार्टी के पक्ष में होगा, लेकिन मतदान में बाधा डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी मुख्य चुनाव आयुक्त से बात हुई है और उन्हें आश्वासन मिला है कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने मतदाताओं से संविधान प्रदत्त अपने अधिकार का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा का यह रवैया लोकतंत्र के लिए घातक है।

## सीतापुर की जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी कांग्रेस में शामिल

लखनऊ (आरएनएस ) अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों और समावेशी विचारधारा में विश्वास व्यक्त करते हुए, जनपद सीतापुर से जिला पंचायत सदस्य सुश्री सुनीता चौधरी ने अपने समर्थकों के साथ आज कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर सुनीता चौधरी और उनके समर्थकों को कांग्रेस का तिरंगा पट्टिका पहनाकर और सदस्यता कार्ड देकर स्वागत किया गया।

विज्डम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



# 56 देशों के मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व प्रख्यात हस्तियाँ आज पधारेंगे लखनऊ, केशव प्रसाद मौर्य करेंगे अगवानी

लखनऊ, । सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 25वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' में प्रतिभाग हेतु 56 देशों के मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व कानूनविद् समेत विभिन्न देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद के अध्यक्ष, संसद सदस्य, इण्टरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस के न्यायाधीश अदि भी इस ऐतिहासिक सम्मेलन में अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति दर्ज कराने कल 21 नवम्बर, वृहस्पतिवार को सायं 7.00 बजे सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस में पधार रहे हैं। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य बतौर मुख्य अतिथि देश–विदेश से पधारी गणमान्य हस्तियों की अगवानी करेंगे। केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज 'अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन के प्रथम सत्र का आगाज आज नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में हुआ। इस भव्य समारोह में केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री श्री जितिन प्रसाद ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति से सम्मेलन की गरिमा को बढ़ाया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री अर्जुन राम मेधवाल ने कहा कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल विश्व एकता, विश्व शान्ति एवं भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य की स्थापना में प्रशंसनीय भूमिका निभा रहा है। विशिष्ट अतिथि श्री जितिन प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्य न्यायाधीशों का सम्मेलन विश्व एकता व शान्ति की राह में महत्वपूर्ण साबित होगा।



सम्मेलन के प्रथम सत्र से पूर्व विभिन्न देशों से पधारे न्यायविद्दों, कानूनूविद्दों व अन्य प्रख्यात हस्तियों ने आज 20 नवम्बर को नई दिल्ली में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की समाधि 'राजघाट' पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।ऐतिहासिक सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन 22 नवम्बर, शुक्रवार को प्रातः 9.00 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री योगी आदित्यनाथ जी उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे जबकि उप–मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की गरिमा को बढ़ायेंगे।

# बहादुरी, दर्द और इंसानियत की मिसाल बन गए हैं पसमांदा समाज के याकूब - अनीस मंसूरी

लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री माननीय मनीस मंसूरी ने अपने कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कहा कि हमीरपुर जिले के राठ तहसील के छोटे से कस्बे में रहने वाले याकूब मंसूरी आज पूरे देश के लिए बहादुरी और इंसानियत की मिसाल बन गए हैं। हाल ही में झांसी मेडिकल कॉलेज में हुए भीषण अग्निकांड ने न केवल उनके परिवार को बल्कि पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया। इस घटना में याकूब ने अपनी दो जुड़वां बेटियों को खो दिया, लेकिन उनकी दिलेरी ने दर्जनों मासूम बच्चों की जान बचा ली।

अनीस मंसूरी ने कहा कि पसमांदा मुस्लिम समाज के नौजवान याकूब ने दर्द के बीच साहस का प्रदर्शन किया है। आग लगने की घटना में जहां लोग अपनी जान बचाने में लगे थे, वहीं याकूब मंसूरी ने अपने दर्द को किनारे रखते हुए उन बच्चों की मदद की जो आग की चपेट में फंसे थे। अपनी बेटियों को खोने के बावजूद, याकूब ने बिना किसी भेदभाव के बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला।अनीस मंसूरी ने कहा कि याकूब मंसूरी की इस घटना ने साबित कर दिया कि इंसानियत हर चीज से ऊपर है। उनकी दिलेरी न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने जिस तरह अपने निजी दर्द को दरकिनार करते हुए दर्जनों मासूमों की जान बचाई, वह अपने आप में प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह कहानी हमें सिखाती है कि इंसानियत, भाईचारा और साहस किसी भी विपरीत परिस्थिति में हमें मजबूत बनाते हैं। याकूब मंसूरी जैसे लोगों की वजह से ही समाज में अच्छाई की लौ जलती रहती है। उनका यह साहस आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनकर हमेशा याद रखा जाएगा।इलियास मंसूरी, जो पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी के प्रतिनिधि बनकर याकूब से मिलने गए थे, ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "याकूब मंसूरी की बहादुरी और इंसानियत की भावना पर पूरे समाज को गर्व है। उनकी यह कार्रवाई एकता और सौहार्द का प्रतीक है। उनके साहस ने न केवल मंसूरी समाज बल्कि पूरे पसमांदा मुस्लिम समाज का नाम रौशन किया है।"




# राम कृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृन्दावन में नवनिर्मित निवास भवन और बाह्य रोगी विभाग (ओ पी डी) पंजीकरण काउंटर का उद्घाटन

(मथुरा)(ए.के. शर्मा)ओपीडी काउंटर में कुल 9 काउंटर बनाए गए हैं जिसमें वृद्ध जनों के लिए चढ़ने के लिए रैंप और अलग कतर की व्यवस्था की गई है वर्तमान ओपीडी काउंटर में जगह के अभाव के कारण भीड़ के कारण लोगों को खड़े होने की जगह में सुविधा होती है सुविधा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया यह ओपीडी काउंटर का निर्माण करवाया गया है इस बड़े हॉल में वर्तमान में ओपीडी की संख्या रोगियों की संख्या लगभग 1500 रहती है। वर्तमान ओपीडी में पर्चा बनाने के लिए लोगों की बहुत सुविधा होगी। वेंटीलेशन और पंखे आदि की अच्छी सुविधा लाइट की अच्छी सुविधा से सुसज्जित है महाराज जी के ही कर कमल से पांच योगानंद भवन की तृतीय मंजिल पर रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन, बेलुड़ मठ के उप संघाध्यक्ष श्रीमत् स्वामी सुहितानंद जी महाराज नए ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर भवन उपस्थित हुएद्य वहाँ फीता काटकर तथा श्री रामकृष्ण देव, मां सारदा देवी, स्वामी विवेकानंद जी महाराज, राधा–कृष्ण का पूजन और आरती करके इस भवन का उद्घाटन कियाद्य इसके पश्चात परम पूज्य महाराज जी योगानंद के उद्घाटन के लिए उपस्थित हुएद्य वहाँ भी पर फीता काटकर तथा रामकृष्ण देव, मां सारदा देवी, स्वामी विवेकानंद महाराज, राधा–कृष्ण का पूजन और आरती करके इस भवन का उद्घाटन कियाद्य इस अवसर पर साधु–ब्रह्मचारियों ने वैदिक मंत्र पाठ कर एक आध्यात्मिक वातावरण बना दिया द्य स्वामी सुहितानंद जी महाराज ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रामकृष्ण देव के बताये हुए मार्ग शशिव ज्ञान से जीव सेवाश भी एक साधना का मार्ग है द्य भगवान सभी जीवों के भीतर निवास करते हैं और जीवों की ईश्वर मानकर सेवा करना उस ईश्वर की ही पूजा होती है द्य चूँकि सेवाश्रम में चिकित्सा सुविधाएं न्यूनतम दरों में होने के कारण लोगों की भीड़ बहुत अधिक होती है इसलिए इस नए ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर की आवश्यकता हुई है और इससे लोगों को बहुत सुविधा मिलेगी द्य रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृन्दावन के सचिव स्वामी सुप्रकाशनंद जी महाराज ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आज योगानंद भवन के तीसरी मंजिल में रेजिडेंशियल क्वार्टर का उद्घाटन हुआ जिसमें कुल 12 कमरे हैं प्रत्येक कमरे में तीन लोगों के रहने की व्यवस्था संभव होगी, इस प्रकार कुल ३६ लोगों के रहने की व्यवस्था इसमें रहेगी द्य टॉयलेट बाथरूम से युक्त इन कमरों में वेंटिलेशन और प्रकाश की अच्छी व्यवस्था है द्य



रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृन्दावन अस्पताल के प्रभारी स्वामी कालीकृष्णानन्द जी महाराज ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पिछले ११७ वर्षों से पवित्र ब्रज धाम और मथुरा के आसपास के जिलों के अभावग्रस्त रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। अस्पताल अपने सभी रोगियों को उनकी जाति, पंथ या समाज के किसी भी वर्ग के लोगों से भेदभाव किये बिना, निःशुल्क या कम मूल्यों पर गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करता आ रहा है। इस भवन के बन जाने से लोगों को बहुत सुविधा होगीद्य वर्तमान में ओपीडी में रोगियों की संख्या लगभग 1500 होती हैद्य वर्तमान ओपीडी काउंटर अभी छोटा पड़ जाता है द्य इसमें लोगों के खड़े होने की जगह भी नहीं हो पाती थीद्य अब यह ओपीडी काउंटर विशाल हाल है जिसमें वेंटीलेशन लाइट पंखे आदि की सुविधा हैद्य वृद्ध जनों को ध्यान में रखते हुए रैंप की व्यवस्था तथा बैठकर लाइन पर लगने की व्यवस्था भी की गई हैद्य इसमें एक पूछताछ का भी काउंटर है जिसमें लोग अस्पताल की विभिन्न सुविधाओं से अवगत हो सकेंगे द्य यह काउंटर पूर्ण रूप से कंप्यूटर की सुविधाओं से युक्त है द्य कुल ११ काउंटर होने से लोगों को अब परचा बनाने के लिए अधिक समय नहीं लगेगा द्य इस उपलक्ष्य में भारत के विभिन्न स्थानों से रामकृष्ण मिशन के साधु ब्रह्मचारी, डॉक्टर सहित अस्पताल के नर्स तथा अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# माँ से छेड़छाड़ करने पर बेटे ने की थी दूधिया की हत्या, पुलिस ने किया घटना

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) मां के साथ छेड़छाड़ से तंग किशोर द्वारा दूधिया की गई हत्या का खुलासा आज पुलिस द्वारा किया गया। मृतक दूधिया का रक्त रंजित शव चार दिन पूर्व यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 115 के पास अंडर ब्रिज से सिहोरा कारब मार्ग पर मिला था। पुलिस लाइन में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में एसएसपी शैलेश पांड़े ने बताया कि शनिवार रात्रि यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 115 के अंडर ब्रिज के पास सिहोरा कारव मार्ग पर एक 25 वर्षीय युवक दूधिया का शव मिला था।स्वाट टीम सहित महावन पुलिस को खुलासे की जिम्मेदारी दी गई ।मृतक की पहचान गांव करील थाना मुरसान जनपद हाथरस निवासी 25 वर्षीय पंकज पुत्र पवन के रूप में हुई।मृतक गांव से दूध लाकर शहर के कंसखार स्थित कृष्णा दुग्धालय में सप्लाई देता था। पुलिस को छानबीन में पता चला कि गांव का एक किशोर इस हत्या में शामिल है। पुलिस ने किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हत्या करना कबूल किया। हत्या के पीछे का कारण उसने बताया कि मृतक पंकज दूध देने के दौरान उसकी मां से छेड़छाड़ करता था जिससे वह काफी तनाव में था ।जिसके चलते उसने पंकज को सबक सिखाने का मन बना लिया था। शनिवार को जब पंकज शहर में दूध देकर वापस अपने गांव जा रहा था। तभी यमुना पार लक्ष्मी नगर में पहले से इंतजार कर रहे किशोर ने उसे रोक लिया। वहां दोनों ने शराब पी और एक साथ गांव को चल दिए।यमुना एक्सप्रेस वे की अंडरपास पर लघुशंका के बहाने वह रुके साथ ही गये। जब पंकज लघु शंका कर रहा था तभी पीछे से किशोर ने छोटी सी कुल्हाड़ी बांक से उसकी गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दूधिया की हत्या करने वाला बाल अपचारी है। साथ ही खुलासा करने वाली टीम को 25000 का इनाम देने की भी घोषणा की।



# जिन गंतव्य स्थलों को मिलेगा सबसे ज्यादा वोट, वहां विकसित होंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

अयोध्या(आरएनएस )। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की ओर से "देखो अपना देश– पीपल्स चॉइस 2024" कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसे उत्तर प्रदेश पर्यटन महाअभियान के रूप में चला रहा है। जिसका शुभारंभ सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में बुधवार को किया।25 नवंबर 2024 तक चलने वाले इस कैंपेन में जनसामान्य से लेकर जनप्रतिनिधि और अफसर सहित अन्य लोग राज्य में स्थित अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल को वोट देंगे। साथ ही, सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। महाभियान में सबसे अधिक योगदान देने वाले को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश विश्व पर्यटन के मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। वर्ष 2023 में यहां 48 करोड़ से अधिक पर्यटक आए थे। यानी जितनी यहां की आबादी है उससे लगभग दोगुना पर्यटकों की संख्या। आंकड़े बताते हैं कि प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान बुद्ध की यह धरती देश में सबसे अधिक घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करती है। विदेशी पर्यटकों के आगमन में यह उपलब्धि हासिल करने के निरंतर प्रयास किया जा रहा है। पर्यटकों को विशिष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए पर्यटन स्थलों, सड़क के किनारे होटल, ढाबे, वैवाहिक स्थलों आदि में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही कनेक्टिविटी पर तीव्र गति से कार्य हो रहा है।' ।भारत सरकार के कैंपेन "देखो अपना देश–पीपल्स चॉइस 2024" को प्रदेश सरकार महाअभियान के रूप में चला रही है। इसका उद्देश्य प्रदेश के धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, भगवान गौतम बुद्ध से जुड़े स्थल, ऐतिहासिक, प्राकृतिक विरासत आदि सर्वश्रेष्ठ पर्यटक स्थलों के सबंध में आम लोगों की राय जानना है। ताकि इन स्थलों को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जा सके।

# स्काउट गाइड रैली का भव्य आयोजन

बहराइच । जिला बहराइच अंतर्गत नानपारा में स्काउट गाइड रैली का भव्य आयोजन का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार के द्वारा सम्पन्न हुआ आयोजन के मुख्य अतिथि बलहा विद्यायक सरोज सोनकर रही। रैली में बच्चों ने विभिन्न आयोजन प्रस्तुत किया इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अनिल मदेशिया व अध्यक्ष ओमप्रकाश छापड़िया व मुक्तेश्वर पोद्दार व विद्यालय के प्राचार्य श्री अनुराग श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला बहराइच के समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे।



# टूर गाइड, टूर एस्कॉर्ट को दिया गया यातायात प्रशिक्षण

प्रयागराजध्महाकुंभ 2025 प्रयागराज में पर्यटकों एवं तीर्थ यात्रियों की सुविधा हेतु गाइड ,वोटमैन, वेंडर्स, एवं टैक्सी ड्राइवरों को यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान , लखनऊ द्वारा प्रयागराज में होटल राही



सिविल लाइंस में यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय द्वारा यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया गया। उनके द्वारा बताया गया की जो भी श्रद्धालु जिस भी मार्ग से आ रहे हो उन्हे सुगमता पूर्वक संगम या अन्य स्नान घाट तक पहुंचाए और मेले में वाहनों को चौराहों से उचित दूरी पर खड़ा होने के लिए उनके ड्राइवरों को बताए और स्नेहपूर्वक श्रद्धालुओं से चौराहे पर न खड़े होने को बताएं। मेले में जो भी नियम बनाए जाएंगे उसका पालन करें। और शालीनता पूर्वक पालन कराएं । जिससे मेले में किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। यह प्रशिक्षण असिस्टेंट प्रोफेसर प्रखर तिवारी के उपस्थिति में हुआ इस दौरान नितीश शुक्ल, राजित कुमार मौजूद रहे।

# पांच सौ साल पहले एकजुट हुए होते, तो नहीं देखना पड़ता गुलामी का मुंह–सीएम योगी

अयोध्या(आरएनएस )। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या में सुग्रीव किले के भव्य श्री राजगोपुरम द्वार का अनावरण किया। इस अवसर पर देशभर से आए साधु–संतों को संबोधित करते हुए उन्होंने अयोध्या की पौराणिक और ऐतिहासिक महत्ता की चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में भव्य श्रीराममंदिर के निर्माण और सनातन धर्म की एकता पर बल देते हुए कहा कि जो काम 500 साल से रुका हुआ था, जिसके लिए न जाने कितनी पीढ़ियां बलिदान हो गईं, वो केवल सनातनियों के एकजुट होने मात्र पर मोदी जी के नेतृत्व में दो वर्ष में ही पूरा हो गया। अगर 500 साल पहले हमने एकता दिखाई होती, तो गुलामी का सामना नहीं करना पड़ता। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी स्मृतियां हमें समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती हैं। जब भी हम एकता का परिचय देंगे, तो दुनिया की कोई ताकत हमें कमजोर नहीं कर सकेगी। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण को पीढ़ियों के संघर्ष का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि 500 साल का लंबा इंतजार समाप्त हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान करने का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने सनातन धर्मावलंबियों की एकता को इस सफलता का आधार बताया। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में धर्म और समाज को कमजोर करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या जो समाज और राष्ट्र को कमजोर करती हो, हमें उससे खुद को अलग करना होगा। ऐसे तत्वों को बेनकाब कर समाज से अलग–थलग करना धर्म का कार्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुग्रीव किला का संबंध देवरहा बाबा से भी रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्थल श्रीराम के वनवास काल से जुड़ा है, जब भरत जी ने इसे श्रीराम के निवास के लिए तैयार किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले इस किले तक पहुंचने का मार्ग संकरा था, लेकिन अब इसे चौड़ा और सुगम बना दिया गया है। उन्होंने इसे अयोध्या के विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया।

# मेगा इवेंट वीरांगना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सुलतानपुर(आरएनएस )। जनपद में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु ''मिशन शक्ति फेज–5.0'' के अन्तर्गत जिलाधिकारी 'कृत्तिका ज्योत्स्ना के कुशल निर्देशन में ''मेगा इवेन्ट ''वीरांगना दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन केश कुमारी बालिका इण्टर कालेज, सुलतानपुर में वी0पी0वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।वी0 पी0 वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत उपस्थित सभी छात्राओं एवं अन्य उपस्थित लोगों को यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज हिंसा आदि के सम्बन्ध में सरंक्षण, सुरक्षातंत्र, सुझावों, एवं सहायता के लिए संबोधित किया गया। साथ ही विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। डॉ0 धीरेन्द्र कुमार यादव, जिला सूचना अधिकारी द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जिससे किसी भी ऊचाई को छू सकते है।

शिक्षा के साथ खेल एवं कौशल के क्षेत्र में भी बालिकाओं को आगे बढ़ना चाहिए, जिससे उनकी शारीरिक, मानसिक एवं बौद्विक क्षमता का विकास होगा, साथ ही यह कहा गया कि खेल के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं का सम्मान भी करना चाहिए। तद्पश्चात वी0 पी0 वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी के तत्वाधान में विद्यालय की छात्राओं द्वारा इस महान अवसर पर रैली निकाल कर जनमानस को जनजगरूक किया गया। पल्लवी सिंह प्रधानाचार्या, द्वारा छात्राओं में सकारात्मक सोच विकसित करने व उनके उज्जवल भविष्य की आधार शिला रखने के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु जागरूक किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में शिखा गौतम, स्वाती यादव, वर्षा यादव, अस्फिया ताज, रिया मिश्रा, आफरीन बानों, महविश बानों, खुशबू सोनकर, ब्यूटी सोनकर, रिजवा, रोजी, उमरा नाज, शिवानी निषाद, साक्षी वर्मा, रोली भारती, पुष्पा यादव, मुस्कान पाण्डेय, शालू, शिवानी, शिवानी कोरी, स्नेहा गौड, नुसरत, अजली, ऑचल कसौधन के द्वारा डास कम्पटीशन, नाटक प्रतियोगिता एवं गायन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया।

# आज धर्म संसद में जुटेंगे संत प्रबुद्ध

मथुराधर्म संसद में आज संतो द्वारा हुंकार भरी जायेगी।श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के पक्षकार, दिनेश शर्मा, ने बताया कि तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए एक माह से जूटे कार्यकर्तासंतो के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे सभी के लिए व्यवस्था की गई है।श्री कृष्णा साधक ट्रस्ट सभागार मैं होने वाली धर्म संसद ऐतिहासिक होगी आचार्य बद्रीश महाराज, पं बिहारी लाल वशिष्ठ, महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज, धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़, जिला अध्यक्ष सुखराम सिंह, कार्यक्रम प्रभारी राजेश पाठक, आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी ने सभी संतों एवं बृजवासियों से धर्म संसद में भाग लेने की अपील की है।



# संपादकीय

## दुर्दशा का तथ्य नकारना व्यर्थ

देहाती इलाकों में कर्ज के बोझ तले दबे परिवारों की संख्या में साढ़े चार प्रतिशत इजाफा हुआ है। 2016–17 के सर्वे के दौरान ऐसे परिवारों की संख्या 47.40 प्रतिशत थी, जो ताजा सर्वे के समय 52 फीसदी हो चुकी थी।एक और सरकारी संस्था की रिपोर्ट ने श्रमिक वर्ग की बढ़ती रही दुर्दशा पर रोशनी डाली है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण बैंक (नाबार्ड) के अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वे (एनएएफआईएस) 2021–22 के दौरान पाया गया देहाती इलाकों में कर्ज के बोझ तले दबे परिवारों की संख्या में साढ़े चार प्रतिशत इजाफा हुआ है।2016–17 के सर्वे के दौरान ऐसे परिवारों की संख्या 47.40 प्रतिशत थी, जो ताजा सर्वे के समय 52 फीसदी हो चुकी थी। कहा जा सकता है कि अब ज्यादा लोग लाइफ स्टाइल बढ़ाने के लिए कर्ज ले रहे हैं। मगर आय की स्थिति पर गौर करें, तो ऐसे तर्क निराधार मालूम पड़ेंगे।ताजा सर्वे में ग्रामीण परिवारों की औसत मासिक आय 12,698 रु. सामने आई। इसमें पांच साल में डेढ़ गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई। तब औसत आमदनी 8,059 रु. थी।राष्ट्रीय परिवार 4.4 व्यक्तियों का है। तो हर व्यक्ति पर आय 2,886 रु. बैठती है। यानी प्रति दिन एक व्यक्ति की खर्च क्षमता 96 रुपये होगी।यह औसत आय है, जिसमें ग्रामीण इलाकों के सबसे धनी और गरीब दोनों तबकों की आमदनी शामिल है। 2013–14 में रंगराजन समिति ने भारत की गरीबी रेखा 32 रु. प्रति दिन खर्च क्षमता रखने का सुझाव दिया था। दस साल की मुद्रास्फीति से उसे एडजस्ट करें, तो ये रकम आज तकरीबन 60 रुपये बैठेगी। इस पैमाने पर पर अनुमान लगाएं, तो संभव है कि भारत में आधे से ज्यादा लोग गरीबी रेखा के नीचे आएंगे। वैसे, जिन परिवारों की औसत आय 12 हजार रुपये हो, वे लाइफ स्टाइल संबंधी चीजों की खरीद के लिए कर्ज लें, यह मानने का कोई तुक वैसे भी नहीं है। तो जाहिर है, शिक्षा, स्वास्थ्य और शादी–विवाह आदि जैसे खर्चों के लिए कर्ज लेने वाले परिवार बढ़े हैं। इसके पहले लेबर ब्यूरो की पारिश्रमिक दर सूचकांक रिपोर्ट, कृषि मंत्रालय के जारी हुए आंकड़ों, तथा पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे रिपोर्ट आदि में बताया जा चुका है कि श्रमिक वर्ग की वास्तविक आय गिरी है और औसत आय में वृद्धि गतिरुद्ध हो गई है।उपभोग और मांग गिरने की बातें सामने आ चुकी हैं। ऐसे में दुर्दशा का तथ्य नकारना व्यर्थ है।

## अमरीका में शरण मांगने वालों में 855 फीसदी की वृद्धी

एक समय था जब ब्रिगेडियर उस्मान को बंटवारे के समय पाकिस्तान का सेनाध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव दिया गया था लेकिन उन्होंने यह कहकर इनकार कर दिया था कि भारत मेरा देश है इस धरती में मेरे बुजुर्ग दफन हैं।उन्होंने पाकिस्तान का सेनाध्यक्ष बनने की बजाय भारत का ब्रिगेडियर बना रहना स्वीकार किया और अपना नौसेरा बचाने के लिये शहीद हो गये।वह तघे अनिश्चितता का समय था,जान–माल का खतरा था किंतु आज तो निश्चंतता का समय है। संवैधानिक और नियामक संस्थायें देश को आजादी के प्रति सजग कर रहीं हैं ऐसे दौर में कुछ खबरें हैरान भी करतीं हैं और चिंतित भी।संसद में एक प्रश्न के उत्तर में बताया गया है कि पिछले 10 सालों में लगभग 15 लाख भारतीय नागरिकों ने देश की नागरिकता त्याग दी है ।इससे भी जो ज्यादा चिंताजनक आंकड़ा है वह यह कि अमेरिका में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या में 855 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विदित हो कि अमेरिका में शरण मांगने वाले दो तरह से शरण के लिए आवेदन करते हैं एक तो वह जिन्हें एफर्मेटिव कहा जाता है और दूसरा वे जिन्हें डिफेंसिव कहा जाता है यानि सुरक्षा की दृष्टि से वे अमेरिका में शरण की गुहार लगाते हैं अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की इमीग्रेंट एनुअल फ्लो रिपोर्ट बताती है कि 2023 में अमेरिका में शरण चाहने वाले आवेदकों में 41हजार 330 भारतीय शामिल थे जो कि 2022 की तुलना में 855 फीसदी ज्यादा है और भी आश्चर्यजनक बात यह है कि इसमें से आधे आवेदक गुजरात राज्य के हैं।जहां 2014 के बाद समृद्धि का विस्फोट हुआ है। समझना जरूरी है कि उन भारतीयों ने क्योंकर सुरक्षा एसाईलम के लिये आवेदन किया है? वर्ष 2022 में शरणार्थी के रूप में आवेदन करने वाले 14 हजार 570 भारतीयों में से 9200 ने डिफेंसिव एसाईलम यानि सुरक्षा शरण का आवेदन किया है। भारत की अर्थव्यवस्था के उछालें भरने के दावे ,आम नागरिक के लिये सुरक्षा की गारंटी और बेहतर अवसरों के प्रचार के बीच भी अगर 41हजार 330 नागरिक अमरीका में शरण मांग रहे हैं और उनमें भी 50त्न से अधिक सुरक्षा कारणों से तो यह पड़ताल का विषय होना ही चाहिए ? इन सुरक्षा शरण चाहने वाले भारतीयों को देश में क्या खतरा लग सकता है? उनमें से आधे उस राज्य से क्यों हैं जिसमें सर्वाधिक विकास के दावे किये जा रहे हैं? अमरीका में एलपीआर रिपोर्ट के अनुसार लगभग 28 लाख भारत में जन्मना नागरिक रहते हैं जो मेक्सिको में पैदा हुए अमरीकी नागरिकों के बाद सर्वाधिक संख्या है।अकेले 2022 में ही 1लाख 28 हजार 878 मेक्सीकन,65 हजार.960 भारतीय,53 हजार 413 फिलिपाईन नागरिकों को अमरीकी नागरिकता के लिये न्यूट्रिलाईज किया गया है।ऐसा माना जाता है कि सामान्यतरूआर्थिक ,शैक्षणिक अवसरों और राजनैतिक स्थिरता को देखते हुए सुरक्षित भविष्य की तलाश में लोग अपनी नागरिकता त्याग करने का कठिन फैसला लेते हैं।अमरीका में रहने वाले 28 लाख 31 हजार 330 भारतीयों में 42 फीसदी भारतीय , अमरीकन नागरिकता के लिये अपात्र हैं। इसके बावजूद भारतीय ब्रेन इतनी बड़ी तादाद में जोखिम क्यों उठा रहा है?मोटा–मोटी सभी देशों से आर्थिक प्रवासी अवसरों की तलाश करते हैं जिसमें आऊटफ्लो और इनफ्लो की मात्रा देश की वास्तविक परिस्थितियों का बखान कर देती है।जिन 10 वर्षों में 15 लाख भारतीयों ने नागरिकता ोडने का आवेदन किया है उसी दौरान विगत पांच सालों में मात्र 5 हजार220 विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई है उनमें 4 हजार 552 यानि 87 फीसदी तो पाकिस्तानी, 8 फीसदी अफगानिस्तानी और 2 फीसदी बंगलादेशी हैं। इसका अर्थ है कि भारतीय नागरिकता त्यागने वालों के मुकाबले भारतीय नागरिकता चाहने वालों की संख्या 1 प्रतिशत भी नहीं है।लंदन की हेनली एंड पार्टनर की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 7 हजार सुपर रिच धनाढ्य भारत की नागरिकता छोड़ सकते हैं।सरकार ने राज्यसभा में बताया है कि वह इन लोगों की व्यावसायिक पृष्ठभूमि के बारे में अनभिज्ञ है।भारतीय टेक्स कानूनों,स्वास्थ्य सुविधाओं और इनवेस्टमेंट माईग्रेशन नागरिकता त्यागने की नयी बजह के रूप में सामने आ रही है। मेहुल चौकसी जैसे लोग इसी इवेस्टमेंट माईग्रेशन के नाम पर भाग खड़े हुए हैं।नागरिकता छोडने का एक कारण यह भी है कि कई देश दोहरी नागरिकता स्वीकार नहीं करते,दूसरा बड़ा कारण अन्य देशों में निर्वाध आवाजाही के लिये भारतीय पासपोर्ट पर केवल 60 देशों में बीजा फ्री या आगमन पर बीजा सुविधा उपलब्ध है जबकि अमरीकन पासपोर्ट पर 186 देशों में यह सुविधा प्राप्त है। जन्म से भारतीय विदेशी नागरिकों को भारत में ओसीआई(ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है) माना जाता है।गृह मंत्रालय ने सदन को जानकारी दी है कि आज ओसीआई की संख्या 1लाख 90 हजार है जो 2005 में मात्र 300 हुआ करती थी।इसका अर्थ है कि लगभग 8 फीसदी नागरिकता त्यागने वाले भारतीय ही ओसीआई के रूप में देश से जुड़े रहना चाहते हैं। अवसरों की तलाश और बेहतर जीवन की महत्वाकांक्षा मानव स्वभाव है

# भारत में रोजगार के संदर्भ में बदलना होगा अपना नजरिया



आज भारत में केवल मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद, पुणे जैसे महानगर ही देश के विकास में भागीदारी नहीं कर रहे हैं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी पर्याप्त विकास हो रहा है। इससे रोजगार के अवसर भी इन इलाकों में निर्मित हो रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति की सदस्य सुश्री शमिका रवि द्वारा हाल ही में सम्पन्न किए गए एक रिसर्च पेपर में, आंकड़ों के साथ, कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। इस रिसर्च पेपर में भारत के आर्थिक विकास के कई क्षेत्रों के सम्बंध में तथ्यों पर आधारित सारगर्भित बातें बताने के साथ साथ यह भी जानकारी दी गई है कि किस प्रकार भारत में अब ग्रामीण इलाके भी देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ा रहे हैं तथा कई राज्यों की आर्थिक स्थिति में सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, यह भी बताया गया है कि किस प्रकार भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास का लाभ देश के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसरों के रूप में मिल रहा है।आज भारत में केवल मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद, पुणे जैसे महानगर ही देश के विकास में भागीदारी नहीं कर रहे हैं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी पर्याप्त विकास हो रहा है। इससे रोजगार के अवसर भी इन इलाकों में निर्मित हो रहे हैं। सबसे अधिक विकास आज अविकसित क्षेत्रों में हो रहा है। आज गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, आदि के साथ साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, एवं नोर्थ ईस्ट के इलाके भी तेजी से विकास कर रहे हैं। विकास के कई नए क्षेत्रों का निर्माण हुआ है। पिछड़े हुए इन राज्यों में गति पकड़ रहा विकास, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में और भी अधिक वृद्धि दर्ज करने में सहायक सिद्ध होगा। ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाओं का अतुलनीय विस्तार हुआ है, जिसके चलते अब सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कार्य करने वाली कम्पनियां भी अपने संस्थानों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित हो रही हैं। विशेष रूप से दक्षिणी प्रदेशों में कुछ कम्पनियों ने इस सम्बंध में अच्छी पहल की है। प्राचीन भारत में ग्रामीण क्षेत्र ही आर्थिक विकास के मजबूत केंद्र रहे हैं। इससे इन क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर भी इनके आसपास के इलाकों में मिल जाते हैं और इन्हें शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन करने की आवश्यकता ही नहीं होती है। दूसरे, सामान्यतः देश के विभिन्न राज्यों की वित्तीय स्थिति में भी मजबूती आई है। कुछ राज्यों के बजटीय घाटे में अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर हुआ है। परंतु, साथ ही कुछ राज्यों जैसे, पंजाब, केरल, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, आदि प्रदेशों में आज बजटीय घाटे की स्थिति दयनीय हो रही है जिसे शीघ्र ही सम्हालने की आवश्यकता है क्योंकि एक तो इन राज्यों में विकास दर कम होती जा रही है दूसरे इन राज्यों द्वारा मुफ्त योजनाओं को धड़ल्ले से चलाया जा रहा है, बगैर यह ध्यान दिए कि इन बढ़े हुए खर्चों के लिए क्या उनके बजट में कुछ गुंजाइश भी है। इस प्रकार के बढ़े हुए खर्चे इन राज्यों के बजट पर अंततः दबाव बढ़ाते हैं। आज देश में कुछ राज्यों में ब्याज के भुगतान, प्रशासन सम्बंधी खर्चों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान करने में ही पूरे बजट की राशि समाप्त हो जाती है। प्रदेश में विकास कार्य करने के लिए कुछ भी राशि बचती ही नहीं है बल्कि कुछ राज्यों को तो इन मदों पर भुगतान करने हेतु भी ऋण लेना होता है जो बजट पर और अधिक दबाव को बढ़ाता है। पूंजीगत खर्चे इन राज्यों में कम ही हो पा रहे हैं जिससे इन राज्यों में प्रति व्यक्ति आय भी कम है और ये राज्य विकास की दर को हासिल नहीं कर पा रहे हैं। दिल्ली में पिछले 10 वर्ष पूर्व तक पूंजीगत मदों पर बजट का एक बहुत बड़ा भाग खर्च होता था परंतु पिछले 10 वर्षों में पूंजीगत व्यय में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। पंजाब की स्थिति भी बहुत खराब हो गई है केवल 20 वर्ष पूर्व तक पंजाब देश में सबसे अमीर राज्यों की श्रेणी में शामिल था परंतु आज इसके आसपास के राज्य, हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा, भी पंजाब से आगे निकल गए हैं। इन राज्यों में उद्योगों को स्थापित करने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। पंजाब से उद्योग निकलकर हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा में चला गया है। मध्यप्रदेश एवं बिहार कृषि के क्षेत्र में बहुत भारी वृद्धि दर्ज कर रहे हैं परंतु उद्योग के कम मात्रा में होने के चलते इन राज्यों में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि दर तुलनात्मक रूप से कम है। किसी भी देश के लिए श्रम की भागीदारी एवं बेरोजगारी दो अलग अलग मुद्दे हैं। श्रम की भागीदारी में 18 वर्ष से 59 वर्ष के बीच के वे लोग शामिल रहते हैं जो अर्थ के अर्जन हेतु या तो कुछ कार्य कर रहे हैं अथवा कोई आर्थिक कार्य करने को उत्सुक हैं एवं इस हेतु रोजगार तलाश रहे हैं। पिछले 40 वर्षों के दौरान चीन में श्रम की औसत भागीदारी 75 प्रतिशत से ऊपर रही है। अर्थात प्रत्येक 4 में से 3 लोग या तो रोजगार में रहे हैं अथवा रोजगार तलाशते रहे हैं। वियतनाम में श्रम की भागीदारी 72 से 73 प्रतिशत की बीच रही है। बंगलादेश में यह 60 प्रतिशत से अधिक रही है। परंतु भारत में श्रम की भागीदारी 5 वर्ष पूर्व तक केवल 50 प्रतिशत के आसपास थी जो आज बढ़कर 57 प्रतिशत हो गई है। अर्थात इतने बड़े देश में कुल कार्य करने योग्य जनसंख्या में से आधे से कुछ कम आबादी या तो रोजगार में नहीं है अथवा रोजगार तलाश भी नहीं रही है। यह स्थिति भारत जैसे देश के लिए ठीक नहीं है। दूसरे, बेरोजगारी से आशय ऐसे नागरिकों से है जो रोजगार तलाश रहे हैं लेकिन उन्हें रोजगार मिल नहीं रहा है। भारत में ऐसे नागरिकों की संख्या मात्र 3 प्रतिशत ही है। समय के साथ बेरोजगारी की दर में थोड़ा बहुत परिवर्तन होता रहता है। परंतु, जब इस स्थिति को विभिन्न प्रदेशों के बीच तुलना करते हुए देखते हैं तो बेरोजगारी की दर में भारी अंतर दिखाई देता है। गुजरात, छत्तीसगढ़, कर्नाटक जैसे राज्यों में बेरोजगारी की दर यह 0.9 से 1.5 प्रतिशत के बीच है, जबकि केरल में 12.5 प्रतिशत है। आर्थिक विकास में वृद्धि के साथ साथ रोजगार के अवसर भी अधिक निर्मित होते हैं। इसलिए आज देश में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने के लिए व्यवसाय को बढ़ाना होगा, विकास को बढ़ाना होगा। केवल केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारें समस्त नागरिकों को रोजगार उपलब्ध नहीं करा सकती है। इस हेतु, निजी क्षेत्र को आगे आना ही होगा। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के संस्थानों के रोजगार के अवसर निर्मित करने की कुछ सीमाएं हैं। आज भारत में 30 वर्ष के अंदर की उम्र के नागरिकों में बेरोजगारी की दर 12 प्रतिशत है, जबकि देश में कुल बेरोजगारी की दर 3.1 प्रतिशत है। अतः देश के युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक दिखाई देती है। देश के युवाओं में कौशल का अभाव है। इसलिए केंद्र सरकार विशेष कार्यक्रम लागू कर युवाओं में कौशल विकसित का प्रयास कर रही है। विशेष रूप से भारत में युवाओं के लिए कहा जा रहा है कि वे 30 वर्ष की उम्र तक काम करना ही नहीं चाहते हैं, क्योंकि इस उम्र तक वे रोजगार के अच्छे अवसर ही तलाशते रहते हैं। 30 वर्ष की उम्र के बाद वे दबाव में आने लगते हैं एवं फिर उन्हें जो भी रोजगार का अवसर प्राप्त होता है उसे वे स्वीकार कर लेते हैं। इसलिए 30 वर्ष से अधिक की उम्र के नागरिकों के बीच बेरोजगारी की दर बहुत कम है। यह स्थिति हाल ही के समय में विश्व के अन्य देशों में भी देखी जा रही है। युवाओं की अपनी नजर में सही रोजगार के अवसर के लिए वे इंतजार करते रहते हैं, अथवा वे अपनी पढ़ाई जारी रखते हैं। आज विशेष रूप से भारत में रोजगार के अवसरों की कमी नहीं है। युवाओं में कौशल एवं मानसिकता का अभाव एवं केवल सरकारी नौकरी को ही रोजगार के अवसर के लिए चुनना ही भारत में श्रम की भागीदारी में कमी के लिए जिम्मेदार तत्व हैं। अधिक डिग्रीयां प्राप्त करने वाले युवा रोजगार के अच्छे अवसर तलाश करने में ही लम्बा समय व्यतीत कर देते हैं। कम डिग्री प्राप्त एवं कम पढ़े लिखे नागरिक छोटी उम्र से ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं। यह भी कटु सत्य है कि डिग्री प्राप्त करने एवं वास्तविक धरातल पर कौशल विकसित करने में बहुत अंतर है। आज भी भारत में कई कम्पनियों की शिकायत है कि देश में इंजीनीयर्स तो बहुत मिलते हैं परंतु उच्च कौशल प्राप्त इंजीनीयर्स की भारी कमी हैं। तमिलनाडु में किए गए एक अध्ययन में यह तथ्य उभर का सामने आया है कि किसी भी देश के नागरिक जब अधिक उम्र में रोजगार प्राप्त करते हैं तो उनकी कुल उम्र भर की कुल वास्तविक औसत आय बहुत कम हो जाती है।

इसके विपरीत जो नागरिक अपनी उम्र के शुरूआती पड़ाव में ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं उनकी कुल उम्र भर की वास्तविक औसत आय तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। भारत में स्टार्ट अपस को बढ़ावा दिया जाना चाहिए एवं युवाओं को सरकारी नौकरी की चाहत को छोड़कर निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के प्रयास करने चाहिए। साथ ही आज युवाओं को अपने स्वयं के व्यवसाय प्रारम्भ करने के प्रयास भी करने चाहिए।

# पाकिस्तान की हिमाकत पर कोई हैरानी नहीं

बलबीर पुंज

समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि भगत सिंह मुसलमानों के प्रति शत्रुतापूर्ण मजहबी नेताओं से प्रभावित थे और भगत सिंह फाउंडेशन इस्लामी विचारधारा और पाकिस्तानी संस्कृति के खिलाफ काम कर रहा है, (और) इस पर प्रतिबंध लगना चाहिए।ष बकौल रिपोर्ट, ष्फाउंडेशन के अधिकारी जो खुद को मुस्लिम कहते हैं, क्या वह नहीं जानते कि पाकिस्तान में किसी नास्तिक के नाम पर किसी जगह का नाम रखना अस्वीकार्य है और इस्लाम में मानव मूर्तियां प्रतिबंधित है? जो समूह भारत–पाकिस्तान संबंध और श्सिख–मुस्लिम सद्भावनाच्च की संभावनाओं पर बल देते है, वह हालिया घटनाक्रम पर क्या कहेंगे? बीते दिनों पाकि स्तानी पंजाब की सरकार ने यह कहते हुए शादमान चौक का नाम शहीद भगत सिंह समर्पित करने की वर्षों पुरानी मांग को ठंडे बस्ते में डाल दिया कि भगत सिंह क्रांतिकारी नहीं, बल्कि श्अपराधीच्च और आज की परिभाषा में श्आतंकवादीच्च थे। जैसे ही यह खबर भारत पहुंची, तुरंत विभिन्न राजनीतिक दलों ने पाकिस्तान को गरियाना शुरू कर दिया। परंतु मुझे पाकिस्तान की इस हिमाकत पर कोई हैरानी नहीं हुई। क्या इस इस्लामी देश से किसी अन्य व्यवहार की उम्मीद की जा सकती है?लाहौर में जिस स्थान पर 23 मार्च 1931 को महान स्वतंत्रता सेनानियोंकृ भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी, वह जगह शादमान चौक नाम से प्रसिद्ध है। इसी मामले में 8 नवंबर को लाहौर उच्च न्यायालय में सुनवाई थी। तब श्भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान द्वारा अदालत में दायर एक याचिका




पर लाहौर प्रशासन ने जवाब देते हुए कहा, ष्शादमान चौक का नाम भगत सिंह के नाम पर रखने और वहां उनकी प्रतिमा लगाने की प्रस्तावित योजना को पूर्व नौसेना अधिकारी तारिक मजीद की टिप्पणी के आलोक में रद्द कर दिया गया है।ष मजीद मामले में गठित समिति का हिस्सा है और उन्होंने कहा था कि भगत सिंह ने एक ब्रिटिश पुलिस अधिकारी की हत्या की थी, इसलिए उन्हें दो साथियों के साथ फांसी दे दी गई थी। इसी समिति की रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि भगत सिंह ष्मुसलमानों के प्रति शत्रुतापूर्ण मजहबी नेताओं से प्रभावित थे और भगत सिंह फाउंडेशन इस्लामी विचारधारा और पाकिस्तानी संस्कृति के खिलाफ काम कर रहा है, (और) इस पर प्रतिबंध लगना चाहिए।ष बकौल रिपोर्ट, ष्फाउंडेशन के अधिकारी जो खुद को मुस्लिम कहते हैं, क्या वह नहीं जानते कि पाकिस्तान में किसी नास्तिक के नाम पर किसी जगह का नाम रखना अस्वीकार्य है और इस्लाम में मानव मूर्तियां प्रतिबंधित है? मामले में अगली सुनवाई 17 जनवरी 2025 को होगी।

पाकिस्तान में भगत सिंह का रिश्ता केवल लाहौर जेल तक सीमित नहीं है। जिस अविभाजित पंजाब के लायलपुर में उनका जन्म हुआ था, वह भी अब पाकिस्तान में है। लाहौर के ही नेशनल कॉलेज में भगत सिंह के अंदर क्रांति के बीज फूटे थे और श्नौजवान भारत सभाच्च का गठन भी लाहौर में किया था। यदि इस पृष्ठभूमि में पाकिस्तान भगत सिंह को अपना श्नायकच्च मान लेता, तो ऐसा करके वह अपने वैचारिक अस्तित्व, जिसे श्काफिर–कुफ्रच्च अवधारणा से प्रेरणा मिलती हैकृ उसे प्रत्यक्ष–परोक्ष रूप से नकार देता। पाकिस्तानी सत्ता–वैचारिक अधिष्ठान के लिए भगत सिंह भी एक काफिर है।भारतीय उपमहाद्वीप में इस जहरीले चिंतन की जड़ें बहुत गहरी है। गांधीजी ने अली बंधुओं (मौलाना मुहम्मद अली जौहर और शौकत अली) के साथ मिलकर विदेशी खिलाफत आंदोलन (1919–24) का नेतृत्व किया था। परंतु मौलाना मुहम्मद अली जौहर स्वयं गांधीजी के बारे में क्या सोचते थे, यह उनके इस विचार से स्पष्ट हैकृ ष्गांधी का चरित्र चाहे कितना भी शुद्ध क्यों न हो, मजहब की दृष्टि से वे मुझे किसी भी चरित्रहीन मुसलमान से हीन प्रतीत होते हैं। बात यदि वर्तमान पाकिस्तान की करें, तो वह विभाजन के बाद अपने दस्तावेजों, स्कूली पाठ्यक्रमों और अपनी आधिकारिक वेबसाइटों में इस बात का उल्लेख करता आया है कि उसकी जड़ें सन् 711–12 में इस्लामी आक्रांता मुहम्मद बिन कासिम द्वारा हिंदू राजा दाहिर द्वारा शासित तत्कालीन सिंध पर किए हमले में मिलती हैं। इसमें कासिम को श्पहला पाकिस्तानीच्च, तो सिंध को दक्षिण एशिया का पहला श्इस्लामी प्रांतच्च बताया गया है।जिन भारतीय क्षेत्रों को मिलाकर अगस्त 1947 में पाकिस्तान बनाया गया था, वहां हजारों वर्ष पहले वेदों की ऋचाएं सृजित हुईं थीं और बहुलतावादी सनातन संस्कृति का विकास हुआ था। इसलिए पुरातत्वविदों की खुदाई में वहां आज भी वैदिक सभ्यता के प्रतीक उभर आते हैं, जिसका इस्लाम में कोई स्थान नहीं है। परंतु पाकिस्तान अपनी छवि सुधारने के नाम पर मोहनजोदड़ो, हड़प्पा, सिंधु घाटी, आर्य सभ्यता, कौटिल्य और गांधार कला से जोडने का प्रयास करता है। इसी वर्ष 29 मई को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा था, ष्पाकिस्तान को अपनी प्राचीन बौद्ध विरासत पर गर्व है। वास्तव में, यह क्रूरतम मजाक है।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज अपने काम के लिए आपके मन में कोई नया विचार आ सकता है। आप उस पर जल्द ही काम भी शुरू कर सकते हैं। लेकिन आज दिन खत्म होते–होते आपको ऐसा लग सकता है कि आपका कोई काम पूरा नहीं हो पाया है,

वृष राशि–
आज खुद की मेहनत से आप परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में कामयाब होंगे। आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम में आज आपको सफलता मिल सकती है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

मिथुन राशि–
आज आपको किस्मत का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी आ सकती है। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहिए। कोई आपकी ऑफिशियल जानकारी लीक कर सकता है। आपको ध्यान से अपना काम करने की जरूरत है।

कर्क राशि–
आज आपके सोचे हुए सभी काम पूरे हो जायेंगे। आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके लिए बहुत–सी चीजें आज फायदेमंद हो सकती हैं। आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते है। विवाहितों के लिए आज का दिन बढ़िया है।

सिंह राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी अधूरे काम में आज हाथ लगाने से वह जल्द ही पूरा हो सकता है। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी के लिए आपको नया मौका मिल सकता है।

कन्या राशि–
आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी से बात करते समय आपको विनम्र स्वभाव का प्रयोग करना चाहिए।

तुला राशि–
आज आपका बढ़ा हुआ मनोबल किसी जरूरी काम में आपको सफलता दिलायेगा। आपका दिन बेहतर रहेगा। माता–पिता के सहयोग से कारोबार के क्षेत्र में वृद्धि होगी।

वृश्चिक राशि–
आज आपके जीवन में कुछ नए बदलाव हो सकते हैं। कारोबार में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान भी बना सकते हैं। रिश्ते बेहतर बने रहेंगे।

धनु राशि–
आज कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्तो की मजबूती बरकरार रहेगी।

मकर राशि–
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है। वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा।

कुंभ राशि
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपको किस्मत का पूरा–पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

मीन राशि–
आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं।

# इस मुस्लिम देश ने अचानक मिलाया ट्रंप को फोन, किस बात पर भड़क गए लोग, मचा बवाल



ट्रंप ने अपनी चुनावी जीत को अद्भुत और बड़ा जनादेश मिलने वाला बताया। उन्होंने कहा कि 100 से भी अदिक वर्षों में सबसे बड़ी सफलता हमें मिली। ट्रम्प ने यह भी कहा कि इंडोनेशियाई राष्ट्रपति बहुत सम्मानित व्यक्ति हैं और उनकी अंग्रेजी की भी ट्रंप ने लगे हाथों तारीफ कर दी। जिस पर पूर्व विशेष बल कमांडर प्रबोवो ने उत्तर देते हुए कहा कि मेरी सारी ट्रेनिंग अमेरिकी है, सर। दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने फोन मिलाकर डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुबियांतो पूरी बातचीत में ट्रंप को सर–सर कहते रहे। डोनाल्ड ट्रंप ने भी इंडोनेशिया के राष्ट्रपति से कहा कि आपकी अंग्रेजी बहुत अच्छी है। आपको बता दें कि मुस्लिम देशों के प्रति डोनाल्ड ट्रंप की राय कई लोगों को पसंद नहीं आते। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुबियांतो की जिस तरह से तारीफ की वो बेहद ही अलग था। लेकिन इससे भी ज्यादा दिलचस्प ये था कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने डोनाल्ड ट्रंप से बात करते हुए फोन स्पीकर पर डाल दिया। ट्रंप को भी नहीं पता था कि फोन स्पीकर पर है। बातचीत खत्म होते होते डोनाल्ड ट्रंप ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति से कहा कि अब तो मेरा नंबर आपके पास है। आप कभी भी फोन मिला सकते हैं। ट्रंप ने अपनी चुनावी जीत को अद्भुत और बड़ा जनादेश मिलने वाला बताया। उन्होंने कहा कि 100 से भी अदिक वर्षों में सबसे बड़ी सफलता हमें मिली। ट्रम्प ने यह भी कहा कि इंडोनेशियाई राष्ट्रपति बहुत सम्मानित व्यक्ति हैं और उनकी अंग्रेजी की भी ट्रंप ने लगे हाथों तारीफ कर दी। जिस पर पूर्व विशेष बल कमांडर प्रबोवो ने उत्तर देते हुए कहा कि मेरी सारी ट्रेनिंग अमेरिकी है, सर। प्रबोवो ने चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप पर हत्या के प्रयास पर दुख जताया और इस बात पर राहत जताई कि उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा। ट्रंप ने जवाब देते हुए कहा कि हां, मैं बहुत भाग्यशाली हूं। मैं बस सही दिशा में सही जगह पर हूं, अन्यथा मैं अभी आपसे बात नहीं कर रहा होता। प्रबोवो के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने वाशिंगटन पहुंचने के बाद फोन किया। यह पूछे जाने पर कि क्या उनका ट्रम्प से व्यक्तिगत रूप से मिलने का कार्यक्रम है, उन्होंने तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। प्रबोवो ने वाशिंगटन में कई अमेरिकी कंपनी के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की, जिसमें फ्रीपोर्ट मैकमोरन और ऊर्जा कंपनी शेवरॉन भी शामिल थे, और कंपनियों से इंडोनेशिया में निवेश करने का आग्रह किया। ट्रंप को सर कहने पर सोशल मीडिया पर प्रबोवो को आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा। एक व्यक्ति ने लिखा, उन्हें सर बुलाना बंद करो। क्या आप इंडोनेशिया के राष्ट्रपति नहीं हैं।श वहीं एक अन्य ने लिखा, आप उनसे ऐसे क्यों बात कर रहे हैं जैसे वह आपके बॉस हैं?

# जांच कराई जाए कि गाजा पर इजराइल का हमला `जनसंहार' की श्रेणी में तो नहीं



पोप फ्रांसिस ने यह तय करने के लिए जांच का आह्वान किया है कि क्या गाजा में इजराइल के हमले 'नरसंहार' हैं। 'पोप जुबली ईयर' से पहले पुस्तक के अंशों से यह जानकारी दी गई। पोप फ्रांसिस ने पहली बार गाजा पट्टी में इजराइल की सैन्य कार्रवाई के दौरान 'नरसंहार' के आरोपों की जांच के लिए खुलकर मांग की है। रोम । कैथोलिक ईसाई धर्म के शीर्ष नेता पोप फ्रांसिस ने यह तय करने के लिए जांच का आह्वान किया है कि क्या गाजा में इजराइल के हमले 'नरसंहार' हैं। 'पोप जुबली ईयर' से पहले रविवार को जारी एक नई पुस्तक के अंशों से यह जानकारी दी गई। पोप फ्रांसिस ने पहली बार गाजा पट्टी में इजराइल की सैन्य कार्रवाई के दौरान 'नरसंहार' के आरोपों की जांच के लिए खुलकर मांग की है। उन्होंने सितंबर में कहा था कि गाजा और लेबनान में इजराइल के हमले 'अनैतिक' और असंगत हैं और उसकी सेना युद्ध नियमों से परे चली गई है। हर्नान रेयेस अलकेड द्वारा लिखित और पोप के साथ साक्षात्कार पर आध ारित इस पुस्तक का शीर्षक है ''आशा कभी निराश नहीं करती। बेहतर दुनिया की ओर मुसाफिर''। इस किताब का लोकार्पण पोप फ्रांसिस की ''2025 जुबली'' से पहले किया जाएगा। उम्मीद है कि फ्रांसिस की एक साल चलने वाली 'जुबली' को मनाने के लिए तीन करोड़ से अधिक यात्री रोम आएंगे। इतालवी दैनिक 'ला स्टैम्पा' में रविवार को प्रकाशित अंशों के मुताबिक पोप ने कहा, ''कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, गाजा में जो कुछ हो रहा है, उससे नरसंहार के लक्षण मिले हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमें सावधानीपूर्वक जांच करनी चाहिए कि क्या यह न्यायविदोंऔर अंतरराष्ट्रीय निकायों द्वारा तैयार की गई तकनीकी परिके अनुरूप है।

# भारत को फंसाने में लगा यूरोप, बीच में रूस ने ली धांसू एंट्री



रूस का ये भी दावा है कि पश्चिम देश तकनीक ट्रांसफर की बात करते हैं लेकिन उनकी शर्तें इतनी कड़ी और जटिल हैं कि भारत को इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाएगा। दूसरी ओर रूस ने हमेशा से भारत के साथ खुले दिल से सहयोग किया है। सस्ते के चक्कर में कभी कभी महंगा सौदा हो जाता है। रूस ने इस कहावत के जरिए भारत को आगाह किया कि अगर उसने सही समय पर निर्णय नहीं लिया तो ये फैसला आने वाले वक्त में भारत के लिए महंगा साबित हो सकता है। रूस ने साफ साफ भारत को चेतावनी दी कि अमेरिका और पश्चिमी देश भारत के स्वदेशीकरण का अध्ययन कर रहे और अपनी रणनीतियां बना रहे हैं। लेकिन इससे ठीक उलट रूस भारत के साथ सहयोग कर उनके रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने में ईमानदारी से मदद करना चाहता है। रूसी थिंक टैंक कॉरनोगी मॉस्को सेंटर के अनुसार अमेरिका और पश्चिमी देश ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी (टीओटी) के नाम पर भारत को केवल भ्रमित कर रहे हैं। उनका उद्देश्य भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करना नहीं बल्कि उनका अध्ययन करना है। जिससे वो भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता के खिलाफ जवाबी रणनीतियां बना सके। रूस का ये भी दावा है कि पश्चिम देश तकनीक ट्रांसफर की बात करते हैं लेकिन उनकी शर्तें इतनी कड़ी और जटिल हैं कि भारत को इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाएगा। दूसरी ओर रूस ने हमेशा से भारत के साथ खुले दिल से सहयोग किया है। चाहे वो ब्रह्मोस मिसाइल हो, सुखोई फाइटर जेट हो या टैंक का निर्माण करना हो। रूस ने भारत के साथ एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा है जिसमें रूस भारत को ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलाजी देने को तैयार है। हथियारों का निर्णाण भारत में किया जाएगा। ये मॉडल पहले से सफल है, जैसे की ब्रह्मोस मिसाइल और सुखोई फाइटर जेट। रूस ने कहा कि मौजूदा युद्ध के चलते उसकी निर्यात क्षमता जरूर प्रभावित हुई है। लेकिन भारत में प्रोडक्शन की क्षमता और रूस की ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलाजी के साथ मिलकर इसे आसानी से हल किया जा सकता है।बात पश्चिमी देशों की करें तो वो तकनीक ट्रांसफर के नाम पर कड़ी शर्तें लगाते हैं। टीओटी केवल दिखावा है। तकनीकी विशेषज्ञता साझा नहीं की जाती है। भारत का उपयोग कर अपने फायदे की रणनीतियां बनाते हैं। लेकिन रूस तकनीकी ट्रांसफर के मामले में उदार रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल जैसी परियोजना भारत और रूस के सहयोग का उदाहरण है। रूस भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तैयार है। खैर, रूस का मानना है कि भारत और रूस के बीच का सहयोग जारी रहना चाहिए। पश्चिमी देशों के साथ तकनीक साझेदारी का कोई ठोस आधार नहीं है। रूस ने ये भी स्पष्ट किया है कि वो भारत के साथ 100 प्रतिशत टीओटी करने के लिए तैयार है। ये भारत के लिए एक सुनहरा अवसर है।

# यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में जहाज को निशाना बनाकर संदिग्ध हमला किया



हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के दक्षिणी छोर से गुजर रहे एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाकर संदिग्ध हमला किया। हूती विद्रोही जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाकर पिछले कई महीनों से हमला कर रहे हैं। इस जलमार्ग से आम तौर पर प्रति वर्ष एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर का माल गुजरता है।दुबई । यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के दक्षिणी छोर से गुजर रहे एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाकर संदिग्ध हमला किया। हालांकि इस हमले में जान–माल की कोई हानि नहीं हुई। हूती विद्रोही जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाकर पिछले कई महीनों से हमला कर रहे हैं। इस जलमार्ग से आम तौर पर प्रति वर्ष एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर का माल गुजरता है। यह हमला गाजा में इजराइल–हमास युद्ध और लेबनान में इजराइल के जमीनी हमले के कारण हुआ है। ब्रिटेन की सेना के 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर' (यूकेएमटीओ) ने 'अलर्ट' जारी कर कहा कि जहाज जब लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ने वाले बाब अल–मंदेब जलडमरूमध्य के पास से गुजर रहा था, तभी उसके कप्तान ने देखा कि ''जहाज के बहुत करीब मिसाइल गिरी''। यह हमला यमन के बंदरगाह शहर मोचा से लगभग 48 किलोमीटर पश्चिम में हुआ। यूकेएमटीओ ने कहा, ''जहाज और चालक दल सुरक्षित हैं तथा अपने अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहे हैं।'' हूतियों ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# बांग्लादेश का न्यायाधिकरण पूर्व प्रधानमंत्री Sheikh Hasina की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस से जानकारी लेगा



बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधिकरण पुलिस से इस बारे में जानकारी लेगा कि देश की सुरक्षा एजेंसियों ने अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके करीबी सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए क्या कदम उठाए हैं जिन पर कुछ महीने पहले हुए प्रदर्शनों में सैकड़ों लोगों की मौत के आरोप हैं।ढाका । बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधिकरण पुलिस से इस बारे में जानकारी लेगा कि देश की सुरक्षा एजेंसियों ने अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके करीबी सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए क्या कदम उठाए हैं जिन पर कुछ महीने पहले हुए प्रदर्शनों में सैकड़ों लोगों की मौत के आरोप हैं। हसीना यहां छात्रों की अगुवाई में हुए प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश छोड़कर पांच अगस्त को भारत पहुंच गई थीं और तभी से वहां निर्वासन में रह रही हैं। ढाका स्थित 'इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल' ने 17 अक्टूबर को हसीना और 45 अन्य लोगों के लिए वारंट जारी किया था।जिनमें पूर्व कैबिनेट मंत्री, सलाहकार और सैन्य एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं। देश में इस समय अंतरिम सरकार है जिसके प्रमुख नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस हैं। न्यायाधिकरण में अभियोजक बी एम सुल्तान महमूद के अनुसार सोमवार को न्यायाधिकरण के समक्ष कम से कम 14 लोग पेश होंगे जिनमें एक पूर्व विधि मंत्री और हसीना के निजी क्षेत्र के एक सलाहकार और कारोबारी शामिल हैं। न्यायाधि ाकरण के अधिकारियों ने कहा कि छह अन्य लोग बुधवार को पेश होंगे।मामले में कम से कम 20 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। न्यायाधिकरण इस सिलसिले में हसीना समेत अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार करने की दिशा में हुई प्रगति के बारे में पुलिस से जानकारी लेगा। न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक ने हसीना की गिरफ्तारी के लिए देश के पुलिस प्रमुख के माध्यम से इंटरपोल से मदद मांगी है। यूनुस ने रविवार को राष्ट्र के नाम अपने संदेश में कहा था कि उनका प्रशासन भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करेगा।

# भारत में अधपका खाना खाने से, दिमाग में घुस गया था कीड़ा, ट्रंप के स्वास्थ्य मंत्री का अनोखा बयान



कंप्यूटर साइंटिस्ट लेक्स फ्रीडमैन के साथ पॉडकास्ट में बात करते हुए उन्होंने बताया था कि किसी प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए वो भारत आए थे। लेकिन शायद भारत में अध ापका पॉर्क खाने की वजह से उन्हें ब्रेनवॉर्म हो गया था। जिसे शुरुआत में डॉक्टरों ने ट्यमर समझा था। बाद में कैनेडी ने साफ किया था कि फूड प्वॉइजनिंग की वजह से ऐसा हुआ था कि ना कि ब्रेनवॉर्म की वजह से।अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर को अपना स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री नामित किया है। जूनियर कैनेडी को वैसे तो उनके विवादित बयानों की वजह से जाना जाता है। देश के नए स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके चयन के बाद वो लगातार चर्चा में बने हुए हैं। उनका एक पुराना बयाव फिर से वायरल होने लगा। इसमें उन्होंने अपनी भारत प्रवास का जिक्र किया था। कैनेडी ने कुछ महीने पहले एक इंटरव्यू में दावा किया था कि 2010 में भारत की यात्रा के दौरान उनके दिमाग में कीड़ा घुस गया था। उन्होंने कहा कि भारत में अधपका पॉर्क खाने की वजह से ऐसा हुआ था।कंप्यूटर साइंटिस्ट लेक्स फ्रीडमैन के साथ पॉडकास्ट में बात करते हुए उन्होंने बताया था कि किसी प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए वो भारत आए थे। लेकिन शायद भारत में अधपका पॉर्क खाने की वजह से उन्हें ब्रेनवॉर्म हो गया था। जिसे शुरुआत में डॉक्टरों ने ट्यमर समझा था। बाद में कैनेडी ने साफ किया था कि फूड प्वॉइजनिंग की वजह से ऐसा हुआ था कि ना कि ब्रेनवॉर्म की वजह से। गौरतलब है कि हाल ही में एक इंटरव्यू में कैनेडी जूनियर ने ट्रंप के खाने को जहरश बताया था। उन्होंने कहा था कि प्रचार अभियान के दौरान ट्रंप का आहार वास्तव में खराब था। कैनेडी ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि वह जो सामान खाता है वह वास्तव में खराब है। आपके पास एक विकल्प है। आपके पास कोई विकल्प नहीं है, आपको या तो केएफसी या बिग मैक दिया जाएगा। यह ऐसा है, जैसे, जब आप भाग्यशाली होते हैं, और फिर बाकी सामान को मैं अखाद्य मानता हूं।

# युद्ध का साया, अमेरिका में ट्रंप राज आया, जी 20 समिट में इन मुद्दों पर टिकी दुनिया की निगाहें

ब्राजील के शहर में उनके आगमन की घोषणा करते हुए विदेश मंत्रालय ने दिलचस्प बात यह है कि हवाई अड्डे पर मोदी का संस्कृत मंत्रों के साथ स्वागत किया गया। मोदी अंतरराष्ट्रीय मंच पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, चीन के शी जिनपिंग और अन्य विश्व नेताओं के साथ शामिल होंगे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 18–19 नवंबर को आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के शहर रियो डी जनेरियो में हैं। मोदी की ब्राजील यात्रा नाइजीरिया की एक महत्वपूर्ण यात्रा के समापन के बाद हो रही है, जहां उन्होंने राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और भारतीय समुदाय के साथ बातचीत की। ब्राजील के शहर में उनके आगमन की घोषणा करते हुए विदेश मंत्रालय ने दिलचस्प बात यह है कि हवाई अड्डे पर मोदी का संस्कृत मंत्रों के साथ स्वागत किया गया। मोदी अंतरराष्ट्रीय मंच पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, चीन के शी जिनपिंग और अन्य विश्व नेताओं के साथ शामिल होंगे। ब्राजील में मोदी ट्रोइका के सदस्य के रूप में 19वें जी–20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। भारत ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ जी–20 ट्रोइका का हिस्सा है। ट्रोइका में वर्तमान, पूर्ववर्ती और अगले जी–20 अध्यक्ष शामिल होते हैं और तीनों सदस्य जी–20 शिखर सम्मेलन की तैयारी में एक दूसरे के साथ सहयोग करते हैं। मोदी के साथ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके अमेरिकी समकक्ष जो बाइडेन भी 18–19 नवंबर को रियो डी जेनेरियो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं में शामिल हैं। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य मोदी ने नाइजीरिया से प्रस्थान के समय अपने वक्तव्य में कहा कि इस वर्ष, ब्राजील ने भारत की विरासत को आगे बढ़ाया है। मैं 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के हमारे दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सार्थक चर्चाओं की आशा करता हूं। मैं इस अवसर पर कई अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचारों का आदान–प्रदान भी करूंगा। पिछले वर्ष भारत की जी–20 अध्यक्षता के दौरान 55 देशों के अफ्रीकी संघ को जी–20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करना और यूक्रेन संघर्ष पर गहरे मतभेदों को दूर करते हुए नेताओं की घोषणा तैयार करना इस शिखर सम्मेलन की प्रमुख उपलब्धि रहा। जी20 में मोदीब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी की उपस्थिति महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ जी20 ट्रोइका का सदस्य है। वह पिछले साल भारत के सफल राष्ट्रपति पद पर भी आगे बढ़ना चाहेंगे, जिसके दौरान उन्होंने वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं को मुख्यधारा में शामिल किया। यह भारत की अध्यक्षता के दौरान ही था कि अफ्रीकी संघ की स्थायी सदस्यता सुरक्षित की गई थी और यूक्रेन संघर्ष पर गहरे मतभेदों सहित चुनौतियों के बावजूद नेताओं की घोषणा तैयार की गई थी। अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में मोदी राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली के निमंत्रण पर 19 से 21 नवंबर तक गुयाना की यात्रा करेंगे। यह 50 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की गुयाना की पहली यात्रा होगी। जलवायु परिवर्तन पर फोकसजी–20 देशों का वैश्विक अर्थव्यवस्था में 85 प्रतिशत योगदान है और जलवायु वित्त पोषण में सहायता करने करने वाले बहुपक्षीय विकास बैंकों के वे सबसे बड़े योगदानकर्ता हैं। वे दुनियाभर में 75 प्रतिशत से अधिक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के लिए भी जिम्मेदार हैं। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु प्रमुख साइमन स्टील ने जी–20 नेताओं को पत्र लिखकर उनसे जलवायु वित्त पर कार्य करने का आग्रह किया, जिसमें विकासशील देशों के लिए अनुदान बढ़ाना और बहुपक्षीय विकास बैंकों के सुध ारों को आगे बढ़ाना शामिल है।

# अफ्रीका के सबसे ताकतवर देश में शेर की तरह घुसे मोदी, चीन के उड़े होश



अफ्रीका के 54 में से 53 देशों में चीन का कोई न कोई प्रोजेक्ट चल रहा है। लेकिन अब ये अफ्रीकी देश चीन से परेशान हो चुके हैं। चीन के निवेश से अफ्रीकी देशों को एक तरह से गुलाम बना दिया है। ये सभी देश धीरे धीरे कर्ज के जाल में फंसते चले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे देश के दौरे पर पहुंचे जहां 17 सालों तक कोई भारतीय पीएम नहीं गया। कुछ घंटों की यात्रा के बाद पीएम मोदी ने उस देश में कदम रखा जो भारत के लिए सबसे बड़ा कूटनीतिक और रणनीतिक खजाना हो सकता है। इस देश को अफ्रीका का सऊदी अरब तक कहा जाता है। इस देश में तेल के बड़े भंडार मिलते हैं। ये देश अफ्रीकी महाद्वीप के 54 देशों में से सबसे ताकतवर और अमीर हैं। अब यही देश भारत को अफ्रीका महाद्वीप का बादशाह बना सकता है। पीएम मोदी नाइजीरिया के दौरे पर नजर आए। नाइजीरिया और पूरा अफ्रीकी महाद्वीप वो हीरा है जिसे चीन कब्जे में लेना चाहता है। मगर अब भारत रास्ते में आकर खड़ा हो गया है। अफ्रीकी महाद्वीप में भारत और चीन की सबसे बड़ी कूटनीतिक जंग शुरू होने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीन देशों के दौरे के पहले पड़ाव के दौरान नाइजीरिया में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत 'सन्नू, नाइजीरिया' के साथ की। इस पारंपरिक नाइजीरियाई अभिवादन का मतलब 'नमस्ते' से है। पीएम मोदी ने इस अवसर पर कहा कि आपका स्नेह मेरे लिए पूंजी का एक बड़ा स्रोत है। आपसे मिलने, आपके साथ समय बिताने के लिए– मैं इन पलों को जीवन भर संजोकर रखूंगा। प्रधानमंत्री के रूप में नाइजीरिया की यह मेरी पहली यात्रा है, लेकिन मैं अकेला नहीं आया हूं। मैं अपने साथ भारत की मिट्टी की खुशबू और भारतीयों का ढेर सारा आशीर्वाद लेकर आया हूं। चीन की चालबाजी पर लगेगी लगामअफ्रीका के 54 में से 53 देशों में चीन का कोई न कोई प्रोजेक्ट चल रहा है। लेकिन अब ये अफ्रीकी देश चीन से परेशान हो चुके हैं। चीन के निवेश से अफ्रीकी देशों को एक तरह से गुलाम बना दिया है। ये सभी देश धीरे धीरे कर्ज के जाल में फंसते चले जा रहे हैं। लेकिन चीन की इसी क्रूर व्यापारिक गलती का भारत ने फायदा उठा लिया। भारत अफ्रीका में चीन जैसी गलती नहीं कर रहा है। भारत ने एक बड़े भाई की हैसियत और जिम्मेदारी से अफ्रीका के 43 देशों में अपनी मौजूदगी बना ली है। भारत ने इतिहास में पहली बार अफ्रीकी देशों को वो सम्मान दिलवाया जिसे दुनिया नजरअंदाज करती रही। भारत की पहल के बाद ही अफ्रीकी संघ को जी20 के 21वें सदस्य के रूप में प्रवेश मिल गया। अब भारत इन्हीं अफ्रीकी देशों के साथ मिलकर वैश्विक व्यापार पर कब्जा करना चाहता है। अफ्रीका कितना बड़ा खजाना है ये आपको कुछ आंकड़ों से पता चल जाएगा। अफ्रीकी महाद्वीप की जनसंख्या फिलहाल 150 करोड़ है। ये 2050 तक 250 करोड़ हो जाएगी। अफ्रीका के कई देश नैचुरल रिसोर्स के भंडार हैं। अफ्रीकी महाद्वीप में दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या है। व्यापार के लिए इससे शानदार और बड़ा बाजार कहीं नहीं मिल सकता। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र में अफ्रीकी ब्लाक के 25 प्रतिशत वोट हैं। संयुक्त राष्ट्र में ये 25 प्रतिशत वोट किसी के पक्ष में हो जाएं तो वो देश कई प्रस्ताव पास करवा सकता है ।

विज़डम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, गुरूवार 21 नवंबर 2024

sheelshukla100@gmail.com

# बीसीसीआई ने अजीत अगरकर को आस्ट्रेलिया में रुकने का दिया आदेश, गौतम गंभीर और सीनियर खिलाड़ियों से है कनेक्शन



22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज तक टीम इंडिया के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ऑस्ट्रेलिया में ही रुकेंगे। दरअसस, बीसीसीआई ने अगरकर को ऑस्ट्रेलिया में रोकने का फैसला किया है, जिसका कनेक्शन गौतम गंभीर और सीनियर खिलाड़ियों से बताया जा रहा है। बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 में टीम इंडिया के साथ–साथ हेड कोच गौतम गंभीर की भी अग्निपरीक्षा होगी। 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज तक टीम इंडिया के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ऑस्ट्रेलिया में ही रुकेंगे। दरअसस, बीसीसीआई ने अगरकर को ऑस्ट्रेलिया में रोकने का फैसला किया है, जिसका कनेक्शन गौतम गंभीर और सीनियर खिलाड़ियों से बताया जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अजीत अगरकर और गंभीर मिलकर काम करेंगे ताकि सुनिश्चित हो सके की सभी चीजें सही रहें और साथ ही दोनों एक राय कायम कर सकें। बता दें कि, हाल ही में टीम इंडिया ने घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज 3–0 से गंवाई थी। जिसमें सीनियर खिलाड़ियों ने काफी निराशाजनक प्रदर्शन किया। वहीं कहा जा रहा है कि, टीम के सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली, रोहित शर्मा, अश्विन और रविंद्र जडेजा के भविष् को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। ये चारों ही खिलाड़ी 35 साल से ऊपर के हैं जहां विराट और रोहित टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं वहीं बोर्ड सीनियर्स से उनके भविष्य को लेकर चर्चा करेगा।ने बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से बताया कि, अगरकर और गंभीर दोनों जानते हैं कि भारत में इस तरह के खराब प्रदर्शन से व्यापक आलोचना होगी, जो उचित है। ऑस्ट्रेलिया में एक लंबा दौरा है। ऐसे में दोनों एकसाथ बैठकर चर्चा कर सकते हैं कि, दौरे के बाद चीजों को कैसे आगे बढ़ाया जाए। ऐसे में प्रोसेस को लेकर दोनों को एक मत पर होना चाहिए। बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज खत्म होने के ठीक बाद फोकस चौंपियंस ट्रॉफी पर हो जाएगा।

# नीतीश रेड्डी को मिल सकता है टेस्ट में डेब्यू का मौका, जानें गेंदबाजी कोच ने क्या कहा ?

बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 के तहत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 22 नवंबर से पर्थ से होगा। वहीं इस सीरीज से पहले टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जहां उन्होंने पर्थ टेस्ट में 21 वर्षीय ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के डेब्यू के संकेत भी दिए। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 के तहत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 22 नवंबर से पर्थ से होगा। वहीं इस सीरीज से पहले टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जहां उन्होंने टीम इंडिया से जुड़े कई मुद्दों पर बात की और पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान कोच मोर्न मोर्कल ने पर्थ टेस्ट में 21 वर्षीय ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के डेब्यू के संकेत भी दिए। आंध्र प्रदेश के ऑलराउंडर नीतीश ने पिछले कुच समय में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। मैच से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए मोर्न मोर्कल ने रेड्डी को लेकर कहा कि, वह युवा





खिलाड़ियों में से एक है। ऑलराउंडर्स की काबिलियत है। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो हमारे लिए एक छोर संभाल सकते हैं, खासकर पहले कुछ दिनों तक। दुनिया की हर टीम एक ऐसा ऑलराउंडर को चाहती है जो तेज गेंदबाजों की मदद कर सके। ये बुमराह पर निर्भर करेगा कि उसका कैसे इस्तेमाल करते हैं। निश्चित रूप से इस सीरीज में उन पर नजर रखनी होगी। नीतीश तेज गेंदबाजी करने के अलावा अच्छी बल्लेबाजी भी कर लेते हैं और इसी वजह से चयन समिति ने चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले शार्दुल ठाकुर पर उन्हें प्राथमिकता दी है। नीतीश के पास अपनी काबिलियत साबित करने करने का ये बेहतरीन मौका होगा। दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्रा के ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली 18 सदस्यी भारतीय टीम में पहली बार शामिल किया गया है।

# शुबमन गिल खेलेंगे या नहीं पर्थ टेस्ट, कोच मोर्ने मोर्केल ने दिया बड़ा अपडेट

कप्तान रोहित शर्मा पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे, तो को अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया। हाल ही में बताया गया कि गिल का फ्रैक्चर नहीं हुआ है और वो दूसरे मैच में खेलते हुए दिख सकते हैं। जबकि टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल के बयान ने उम्मीद जगा दी हैं कि गिल पर्थ टे्ट में भी खेल सकते हैं। 22 नवंबर से बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का आगाज होने जा रहा है। उससे पहले ही भारतीय टीम के सामने कई मुसीबतें आ खड़ी हो गई हैं। कप्तान रोहित शर्मा पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे, तो शुबमन गिल को अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया। हाल ही में बताया गया कि गिल का फ्रैक्चर नहीं हुआ है और वो दूसरे मैच में खेलते हुए दिख सकते हैं। जबकि टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल के बयान ने उम्मीद जगा दी हैं कि गिल पर्थ टे्ट में भी खेल सकते हैं।दरअसल, मोर्ने मोर्केल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शुभमन गिल हर एक दिन बीतने के साथ बेहतर हो रहे हैं। हो सकता है कि वो पहला



टेस्ट खेलें, उन्होंने कहा कि गिल हर एक दिन बेहतर हो रहे हैं, हम 22 नवंबर की सुबह उनके खेलने या ना खेलने पर फैसला लेंगे। वो अभ्यास मैच में अच्छा खेले, इसलिए अभी कुछ नहीं कह सकते। भारतीय टीम बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024 में शुभमन गिल बहुत अहम खिलाड़ी हैं। वो 2020–21 और फिर 2022–23 बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में भी खेल चुके हैं। गिल का महत्व इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि 2020–21 सीरजी में वो ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर खेलने का अनुभव प्राप्त कर चुके हैं। उस दौरान सीरीज में गिल ने तीन मैचों की 6 पारियों में 259 रन बनाए थे। उन्होंने गाबा में खेले गए चौथे टेस्ट में 91 रन की पारी खेल टीम इंडिया को ऐतिहासिक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# नंबर 1 आलराउंडर का ताज हार्दिक पंड्या के सिर सजा, तिलक वर्मा को भी हुआ बड़ा फायदा

भारत के हार्दिक पंड्या एक बार फिर दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर बने हैं। वहीं टीम इंडिया के युवा स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा ने बल्लेबाजी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाते हुए टॉप–3 में अपनी जगह बनाई है। न्होंने टी20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर रैंकिंग में इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी को पछाड़ा है।आईसीसी ने टी20 की ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। इस रैंकिंग में भारत के हार्दिक पंड्या एक बार फिर दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर बने हैं। वहीं टीम इंडिया के युवा स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा ने बल्लेबाजी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाते हुए टॉप–3 में अपनी जगह बनाई है। हार्दिक पंड्या ने हाल ही में साउथ अफ्रीका दौरे पर भारत के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया था। इस कड़ी में उन्होंने टी20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर रैंकिंग में इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी को पछाड़ा है। 31 वर्षीय हार्दिक ने गेंद और बल्ले दोनों आकर्षक प्रदर्शन किया था।



# आर अश्विन रच सकते हैं इतिहास, बनाएंगे वर्ल्ड रिकार्ड, बस करना होगा ये काम

बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट 22 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा। इस सीरीज पर पूरे क्रिकेट जगत की नजरें हैं, क्योंकि वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप फाइनल की रेस में बनी दो सर्वश्रेष्ठ टीमों के बीच ये भिड़ंत होने वाली है। । वहीं अश्विन इस सीरीज में इतिहास रच सकते हैं।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट 22 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा। इस सीरीज पर पूरे क्रिकेट जगत की नजरें हैं, क्योंकि वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप फाइनल की रेस में बनी दो सर्वश्रेष्ठ टीमों के बीच ये भिड़ंत होने वाली है। भारत के पास ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीतने की हैट्रिक लगाने का बेहतरीन मौका है। ये सीरीज जीतने पर भारत वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप फाइनल की दौड़ में बना रहेगा। ऑस्ट्रेलिया की नजरें लंबे समय बाद घर पर सीरीज जीतने पर होंगी। वहीं अश्विन इस सीरीज में इतिहास रच सकते हैं। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रविचंद्रन अश्विन सीरीज जीत में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उनके पास काफी अनुभव है और कंगारूओं के खिलाफ पिछले दौरे पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज थे। उन्होंने तीन टेस्ट में 12 विकेट अपने नाम किए थे। अश्विन अपने इस प्रदर्शन को एक बार फिर से दोहराना चाहएंगे। हाल ही में अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन को डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज की लिस्ट में पछाड़ा था। अश्विन के पास इस सीरीज के दौरान वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप में 200 विकेट पूरा करने का शानदार मौका है। अगर वह पांच मैच के दौरान 6 विकेट लेने में सफल हो जाते हैं तो वह डब्ल्यूटीसी में 200 विकेट लेने वाले पहले गेदंबाज बनेंगे। अश्विन के नाम 194 विकेट हैं, नाथन लियोन ने 187 विकेट चटकाए हैं।

# भारत और आस्ट्रेलिया के पांच टेस्ट मैचों की सबसे बड़ी भिड़ंत, यहां जानें सीरीज का पूरा शेड्यूल

दरअसल, 22 नवंबर से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के रूप में बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का आगाज हो रहा है। भारतीय टीम सीरजी शुरू होने से 10 दिन पहले ही ऑस्ट्रेलिया पहुंची और तैयारियों में जुट गई। इस सीरीज को लेकर दोनों देशों के क्रिकेट दिग्गज बयानबाजी कर रहे हैं। 22 नवंबर के लिए क्रिकेट जगत के लिए बड़ा दिन होने वाला है। दरअसल, इस दिन से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के रूप में बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का आगाज हो रहा है। भारतीय टीम सीरजी शुरू होने से 10 दिन पहले ही ऑस्ट्रेलिया पहुंची और तैयारियों में जुट गई। इस सीरीज को लेकर दोनों देशों के क्रिकेट दिग्गज बयानबाजी कर रहे हैं। वर्ल्ड रैंकिंग में जहां ऑस्ट्रेलिया पहले नंबर पर तो भारत दूसरे नंबर पर काबिज है। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होने वाली इस सीरीज के तहत पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे, जो कि पहली बार होगा। इससे पहले बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में 4 टेस्ट मैच खेले जाते थे। वहीं भारतीय टीम ने इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 3–0



से गंवाई जिसके बाद टीम पर काफी दबाव है।

# लहंगा पहन ग्लैमरस लुक में नजर आईं सोफी चौधरी, एक्ट्रेस ने सिजलिंग अदाओं से ढाया कहर

बॉलीवुड एक्ट्रेस और सिंगर सोफी चौधरी अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उन्होंने ना अपनी एक्टिंग से बल्कि सिंगिंग से भी लोगों के दिल पर राज किया है। अब हाल ही में एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

एक्ट्रेस और सिंगर सोफी चौधरी हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।हाल ही में एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनकी बोल्डनेस और हॉटनेस देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं।सोफी चौधरी के लेटेस्ट फोटोशूट में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लू कलर का सिंपल लहंगा पहना हुआ है, जिसमें उन्होंने ब्लू कलर का गोटेदार दुपट्टा कैरी किया है।गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस सोफी चौधरी अपने हर एक से सोशल मीडिया पर बवाल मचाती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।सोफी चौधरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।



# सर्दियों में टूटने लगे हैं बाल तो इस चीज से करें मालिश, नहीं होगा नुकसान

सर्दियों का मौसम आते ही बालों की समस्याएं बढ़ने लगती हैं. बाल टूटने, रूखे और बेजान होने लगते हैं. ऐसे में बालों की देखभाल करना बहुत जरूरी है. अगर आप भी ठंड के दिनों में आप भी हेयरफॉल और अन्य प्रॉब्लम्स से परेशान हैं तो नारियल के तेल (ष्टशाष्शठ्ठहृवहृल ह्ृदबद्य) का इस्तेमाल कर सकते हैं. इस तेल में एंटीबैक्टीरियल, एंटीइंफ्लेमेटरी, एंटी फंगल और एंटी माइक्रोबियल गुण होते हैं. इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स और मिनरल्स भी कूट–कूटकर भरे होते हैं. जिससे मालिश करने से बाल मजबूत, चमकदार और रूखे–बेजान होने से बचते हैं. आइए जानते हैं इसके फायदे. ..सर्दियों में क्यों टूटने लगते हैं बालड्राई एयर

कम तापमान

बालों की खराब देखभाल

पोषण की कमी

हार्मोनल बदलाव

नारियल तेल से मालिश के फायदे

बालों को पर्याप्त पोषण मिलता है.

नारियल तेल में लॉरिक एसिड होता है, जिससे बालों को प्रोटीन मिलता है.

नारियल का तेल बालों के लिए कंडीशनर का भी काम करता है. बालों को मजबूती मिलती है.बाल रूखे और बेजान नहीं होते हैंबाल टूटते नहीं है.

फ्रिजी बालों की समस्या दूर होती है.

बालों में शाइनिंग आती है. बाल मुलायम, चमकदार और खूबसूरत बनते हैं.

नारियल तेल को बालों में कैसे लगाएं1. सबसे पहले नारियल के तेल को गर्म कर लें.

2. अब तेल को स्कैल्प और बालों में अच्छी तरह लगाएं और अच्छे से मसाज करें.

3. कोकोनट ऑयल को करीब 30 मिनट तक बालों में लगाए रखें.4. अब अच्छी क्वॉलिटी के शैंपू से बालों को धोएं.

5. बालों को अच्छी तरह सुखाएं. सर्दियों में नारियल का तेल बालों में लगाने से पहले क्या करेंअगर नहाने से 2–3 घंटे पहले भी बालों पर नारियल का तेल लगा सकते हैं.नारियल के तेल बालों में रात में सोते समय भी लगा सकते हैं, सुबह उठकर माइल्ड शैंपू कर सकते हैं.

स्किन पर नारियल तेल लगा रहे हैं, तो नहाने के बाद लगाएं. इससे स्किन मॉइश्चराइज रहती है.नहाने से पहले भी पूरे शरीर पर नारियल का तेल लगा सकते हैं.सर्दियों में नारियल तेल के अन्य फायदे1. रूखी और बेजान स्किन से राहत मिल सकती है.



# टीकाकरण दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय का किया गया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा टीकाकरण दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय तखवा पोखर, (देवपुर नवडिहवा) विकास खण्ड नौगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आज टीकाकरण दिवस के अवसर पर विद्यालय में हो रहे टीकाकरण कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकत्री, उपस्थित थी ए0एन0एम0 देर आयी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया ड्यू लिस्ट के अनुसार एम. आर. के 06 बच्चे है गर्भवती रजिस्टर में 05 गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन था डिटेल मांगा



गया आशा माया देवी, अनुपस्थित होने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया ए0एन0एम0 द्वारा परिवार नियोजन की सलाह नही दी जा रही है सी.एच.ओ. बाद आयी जिलाधिकारी द्वारा सी.एच.ओ. का ड्यू लिस्ट देखा गया सी.एच.ओ. द्वारा बताया गया कि इस सेन्टर पर 12 गर्भवती महलायें पंजीकृत है। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय में मिड–डे मील को देखा गया रसोईया निर्धारत ड्रेस में नही थी। विद्यालय में कुल 86 बच्चे पंजीकृत है जिसके सापेक्ष 62 उपस्थित थे कक्षा–3 में किसी बच्चे के पास जूता नही था एस. ओ.पी. के बारे में जानकारी नही थी ओ.एम. सीट नही था जिलाधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक पर कड़ी नारजगी व्यक्त की गयी।

# चुप्पी तोड़ हल्ला बोल के अंतर्गत बच्चों के नियमो के बारे में दी गई जानकारी

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

समाधान अभियान एवं इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के साझा सहयोग से चुप्पी तोड़ हल्ला बोल के अंतर्गत आज बाल मित्र केंद्र कोतवाली सिद्धार्थ नगर में बाल अधिकार दिवस के मौके पर सीएफसी में अभिभावकों को बुलाकर बच्चों के अधिकारों के प्रति सजग




किया गया तथा साथ ही साथ बच्चों की सुरक्षा के नियमों के बारे में भी विधिवत बताया गया आज के कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर सर महिला हेड कांस्टेबल श्रीमती प्रीति गुप्ता जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था की कोऑर्डिनेटर श्रीमती रीना त्रिपाठी के द्वारा किया गया तथा जिसमें सीएफसी के ऑर्डिनेटर वोलेंटियर सुनिल कुमार,संगम कुमार ने पूर्ण सहयोग दिया।

# ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–मुख्य विकास अधिकारी, जयेंद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड शोहरतगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत संतोरा एवं ग्राम पंचायत बूढ़ापार में ग्रामीण स्वास्थ स्वच्छता एवं पोषण दिवस का औचक निरीक्षण किया गया ग्राम संतोरा में आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित सत्र में एएनएम रिंकी व पूनम त्रिपाठी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा शारदा उपस्थित मिली एक अन्य आशा दुर्गावती के सम्बन्ध में बताया गया कि वे ग्राम में महिलाओ एवं बच्चों को बुलाने गई है भ्रमण के दौरान संगीता के टीकाकरण कार्ड का अवलोकन किया गया गर्भवती महिला को चार टीका लगाना है जिसमें अभी तक 02 टीका लगा है आशा की डायरी अपडेट नहीं थी, निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से अपडेट करें अन्यथा कार्यवाही की जाएगी एएनएम के पास अपडेट ड्यू लिस्ट भी उपलब्ध थी जिसके अनुसार आज 07 गर्भवती महिलाओं एवं 8 बच्चों को टीका लगाया जाना है एएनएम के पास सभी किट एवं दवा उपलब्ध



ा पाया गया आंगनबाड़ी के पास इन्फैंटोमीटर, स्टेडियोमीटर, वजन मशीन उपलब्ध पाया गया इन्फैंटोमीटर टूट गया है, बताया गया कि नया इन्फैंटोमीटर आंगनबाड़ी कार्यक्रत्री को प्राप्त है, परन्तु इसका प्रयोग नहीं किया जा रहा है निर्देशित किया गया कि आज से ही प्रयोग करें गर्भवती महिलाओं की सूचना पोषण टैकर पर फीड़ करने के निर्देश दिया गया।

ग्राम पंचायत बूढ़ापार में प्राथमिक विद्यालय पर आयोजित सत्र में ए.एन.एम. सोनी व आंगनबाडी कार्यकत्री सरोज उपस्थित मिली ड्यु लिस्ट के अनुसार कुछ बच्चें एवं महिलाएं ग्राम में उपस्थित नही थे, जिस कारण टीकाकरण नही हो सका ए.एन.एम. एवं आंगनबाड़ी को निर्देशित किया गया कि ड्यु लिस्ट के अनुसार टीकाकरण की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु लोगों को जागरुक करें , एएनएम के पास सभी किट एवं दवा उपलब्ध पाया गया आंगनबाड़ी के पास इन्फैंटोमीटर, स्टेडियोमीटर, वजन मशीन उपलब्ध पाया गया। ग्राम में आशा का पद विगत कई वर्ष से रिक्त है प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि रिक्त भरने के सम्बन्ध में कार्यवाही करें।

# भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने भगवान कामतानाथ में टेका मत्था

## –द्रुत गति से चित्रकूट का हो रहा विकास – अरुण सिंह

चित्रकूट(आरएनएस )। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह के जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, अश्विनी अवस्थी, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हीरो मिश्र आदि मौजूद रहे। राष्ट्रीय महामंत्री सर्वप्रथम चित्रकूट में भगवान कामतानाथ के दर्शन पूजन कर लोक कल्याण की कामना की।उन्होंने कहा कि चित्रकूट चिंतन और तप की भूमि है। भारतरत्न नानाजी देशमुख ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय व स्वावलंबन के चिंतन को मूर्तरूप यही प्रदान किया। रावण जैसे आताताया का वध करने और रामराज्य की स्थापना के लिए प्रभु श्रीराम ने यहीं पर चिंतन किया। चित्रकूट के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा की डबल इंजन सरकार संकल्पित प्रयास कर रही हैं। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। इस परिक्षेत्र के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आधारभूत संरचनात्मक विकास पर द्रुत गति से सरकार काम कर रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओ ने संगठन पर्व सदस्यता अभियान में सक्रिय सहभाग किया। साथ ही संगठन पर्व में कार्यकर्ता मनोयोग से लगकर निष्पक्ष संगठन चुनाव करने में सहभागी हैं। चित्रकूट प्रवास के दौरान राष्ट्रीय महामंत्री के साथ डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, अखिलेश रैकवार, नरेन्द्र गुप्ता, अनूप त्रिपाठी, श्रद्धांशु तिवारी, अभिषेक ओझा, सुशील द्विवेदी, पवन बद्री, विनीत पयासी, शुभम केशरवानी, सुरेश अनुरागी आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने छात्र-छात्राओं को सिखाया अनुशासन व व्यक्तित्व निर्माण का पाठ

चित्रकूट(आरएनएस )। सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं सद्गुरु शिक्षा समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राज्यीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 23वें सद्गुरु महोत्सव की समापन संध्या पर विजेता एवं उपविजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।सद्गुरु महोत्सव अरविन्द भाई खेल परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें चित्रकूट अंचल के मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र के 40 से अधिक विद्यालयों के 45 सौ से अधिक छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। चार दिवसीय क्रीड़ा उत्सव में कबड्डी, खो–खो, लम्बी कूद, ऊंची कूद, दौड़, रिले रेस, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जिसमें ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने उपस्थित होकर विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे विद्या संस्थानों के आयोजनों में जाने पर अपने बाल्यकाल की सुखद स्मृतियां जीवंत हो जाती हैं। बच्च असीम संभावनाओं से ओतप्रोत हैं और राष्ट्र का भविष्य हैं। अनुशासन में रहकर विद्यार्जन और खेलकूद दोनो में सहभागिता करें। खिलाड़ी भावना से अपने व्यक्तित्व का निर्माण कर राष्ट्र सेवार्थ तैयार हों। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि अमेरिका से आए डॉ. प्रकाश शाह, प्रमोदभाई हरियाणी जयपुर, ट्रस्टी डॉ इलेश जैन, अध्यक्ष शिक्षा समिति ऊषा जैन, मिलोनी बहन मुम्बई, उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, सचिव आरबी सिंह चौहान सहित प्राचार्य शंकरदयाल पांडेय, राकेश तिवारी, फिरोज खान, सुरेन्द्र तिवारी, दीपक वानी, मंजुला वानी, डॉ. तुषारकान्त शास्त्री ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। अंत में अध्यक्ष श्रीमती जैन ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का किया गया आयोजन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम जिला कृषि अधिकारी द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना गया जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि किसानो द्वारा की जा रही मांग को समय से पूर्ण कराये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि



प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया कोई भी दुकानदार कालाबाजारी न करने पाये नलकूप खराब होने की समस्या के बारे में किसानो द्वारा अवगत कराया गया जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर ने नलकूप चालक का नम्बर सभी नलकूपो पर अंकित कराने का निर्देश दिया तथा नलकूपों का संचालन कराने का भी निर्देश दियाकिसानो द्वारा न्याय पंचायत स्तर पर धान क्रय केन्द्र खोलने की मांग की गयी जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराये तथा निर्धारित मूल्य पर ही खाद की विक्री हो सभी अधिकारी किसानों की समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण करायें जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को संबधित अधिकारियों को प्रेषित करके उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराये जिला कृषि अधिकारी द्वारा बैठक में आए हुए समस्त अधिकारीगण व सम्मानित कृषको को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस बैठक में जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जीवन लाल, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तथा किसान यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं किसान व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया गया भूमि पूजन एवं शिलान्यास

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास योजना अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ़ का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विशिष्ट अतिथि विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा मुख्य अतिथि मा0 सांसद डुमरियागंज श्री जगदम्बिका पाल, विशिष्ट अतिथि विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही को बुके देकर स्वागत किया गया शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि इस फन्ड से जिलाधिकारी महोदय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास कराकर बधाई के पात्र है 69 लाख का यह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बन रहा है इस भवन के बन जाने से यहां के आम जनमानस के लिए लाभकारी होगा मै घोषणा करता हूँ कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपकरण सीएसआर फन्ड भारत सरकार से दिलाऊंगा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्टीमेट बनाकर प्रेषित करने का निर्देश दियाविशिष्ट अतिथि विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बहुत समय से जर्जर था जिला प्रशासन के सहयोग से बन रहा है मा0 विधायक ने जिलाधिकारी महोदय को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के शिलान्यास के अवसर पर बधाई दी जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कन्हैया पासवान ने कहा कि बरसात के समय में इस स्वास्थ्य केन्द्र में पानी भर जाता था जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बन रहा है इस अवसर पर जिलाधि




ाकारी ने आज शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर सभी का आभार प्रकट किया गया इस भवन का निर्माण कार्यदायी संस्था सीएनडीएस द्वारा कराया जा रहा है जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण 06 माह में एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करे मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विशिष्ट अतिथि विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर एवं अन्य सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) उमाशंकर, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल, व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नि: शुल्क सहायता उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, द्वारा निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विशिष्ट अतिथि विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर दिव्यांगजनों में सहायक उपकरण का वितरण किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विशिष्ट अतिथि विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, एवं विधायत डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया आज 462 दिव्यांगजनों में 708 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि यह बुद्ध की भूमि है गौतम बुद्ध ने पूरे विश्व को शान्ति अंहिसा और करूणा का सन्देश दिया है आज पूरे विश्व में 150 से अधिक देशो में बुद्ध को मानने वाले हैं दिव्यांगजनों को पहले किसी का सहारा लेना पड़ता था ट्राई मोटरसाइकिल मिल जाने से कही भी आसानी से जा सकते है परिवार का पालन पोषण भी कर सकते है। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए बहुत सी योजनाएं चलाकर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है आज सहायक उपकरण आप लोगो को दिया जायेगा इससे आप लोगो को सुविधा होगी विधायक डुमरियांगज श्रीमती सैय्यदा खातून ने कहा कि इस उपकरण से दिव्यांगजनों को काफी लाभ होगा कही भी आसानी से आ जा सकते है जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, द्वारा निःशुल्क सहायक



उपकरण दिव्यांगजनों को दिया जा रहा है दिव्यांगजनों के लिए सोसाइटी बनाई जायेगी आने वाले दिनों में उन्हें रोजगार भी उपलब्ध कराया जायेगा मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा मुख्य अतिथि मा0 सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विशिष्ट अतिथि विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर एवं अन्य सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया गया। 462 दिव्यांगजनो में 708 का वितरण किया गया जिसमें ट्राइसाइकिल–201, मोट्राइज्ड ट्राइसाइकिल–155, व्हीलचेयर–48, बैसाखी–176, छड़ी–33, रोलेटर–01, वॉकर–07, सुगम्य केन एवं बेल केन–21, स्मार्टफोन–08, कान की मशीन–46, कैलीपर एवं कृत्रिम अंग–12 दिया गया है।

इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मा0 सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल, दिव्यांग जनशस्कतीकरण अधिकारी सन्दीप मौर्य, व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# चित्रकूट चौलेंज कप के आयोजन को लेकर हुई बैठक

## –नानाजी की स्मृति में 15 दिसम्बर से शुरू होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

चित्रकूट(आरएनएस )। भारतरत्न नानाजी देशमुख की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चौलेंज कप महिला व पुरुष के आयोजन के संबंध में आयोजक चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब एवं दीनदयाल शोध संस्थान के पदाधिकारियों की बैठक राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन के निर्देशन में एलआईसी तिराहा स्थित एक होटल में संपन्न हुई।बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक भैरों प्रसाद मिश्र रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी क्लब के संरक्षक महेंद्र अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता वरिष्ठ संरक्षक आयोजन समिति अशोक गुप्ता एवं चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी रामबाबू गुप्ता, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग इं गुरु प्रसाद, पूर्व हॉकी कोच प्रेम शंकर शुक्ला, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति प्रताप तोमर, समाजसेवी राम मनोहर वर्मा, राम विशाल सोनी, कालिका प्रसाद श्रीवास्तव, प्राचार्य मदन तिवारी एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी तुषारकांत शास्त्री आदि उपस्थित रहे । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चित्रकूट चौलेंज कप का आयोजन स्थानीय सुरेंद्र पाल ग्रामोदय खेल प्रांगण में 15 से 22 दिसंबर तक किया जाएगा। क्लब के संरक्षक डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल को टूर्नामेंट आयोजन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। संयोजक के रूप में तुषारकांत शास्त्री को मनोनीत किया गया। दीनदयाल शोध संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी अनिल जायसवाल को प्रशासनिक प्रभारी, फील्ड संरचना, सुरक्षा एवं अनुशासन व्यवस्था प्रभारी सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय के प्राचार्य मदन तिवारी बनाए गए। बैठक में चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब के अशोक सेन, कमरुल इस्लाम, महेश प्रजापति, शशि भूषण सिंह सहित पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन सर्वेश निगम एवं अतिथियों का आभार क्लब के संयोजक कमलेश कुमार ने जताया है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।